दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। शनिवार 24 मई-2025 | ● वर्ष: 10 अंक: 154 पेज-09 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3







## सीएम योगी ने अयोध्या में हनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण किया

**अयोध्या।** अयोध्याः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या पहुंचे। उन्होंने यहां हनुमानगढ़ी में बने श्री हनुमत कथा मंडप लोकार्पण किया। योगी ने कहा कि 500 साल के अंतराल के बाद रामनगरी अयोध्या का वैभव वापस लौटा है। एक समय सुविधाओं के अकाल से जूझ रही अयोध्या का कायाकल्प हो गया है। उन्होंने कहा कि



मंदिर यहीं बनाने का सौगंध खाया था और संकल्प को सिद्ध भी किया। योगी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को लेकर जमकर निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा- पाकिस्तान अब ज्यादा दिन नहीं टिकेगा। वहां का आतंकवाद ही उसे ले डूबेगा। पाकिस्तान 75 साल बहुत जी लिया और अब खात्मे का समय आ गया है। वह अपने ही कर्मों का फल भुगत रहा है। यह नया भारत है, जो किसी को छेड़ता नहीं है। लेकिन कोई छेड़े तो छोड़ता भी नहीं है। हमने पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम किया। एयर डिफेंस सिस्टम ने हर हमला फेल किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और धर्म के खिलाफ कुछ भी स्वीकार नहीं है। हमारा अस्तित्व सनातन की वजह से है। पाकिस्तान का अपना कुछ नहीं है, सब कृत्रिम है। पहलगाम में लोगों का धर्म पूछकर चुन-चुनकर मारा गया। लेकिन पाकिस्तान को हमारे 24

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

## सैनिक के परिवार के भावनात्मक पक्ष को बहुत खूबसूरत शब्दों में उकेरा जनरल वीके सिंह ने

### हर वर्दी के पीछे एक परिवार होता है, वो भले ही परेड में मार्च ना करे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनरल वीके सिंह मिजोरम के महामहिम राज्यपाल हैं। वो केंद्र सरकार में दो बार मंत्री रहे हैं, गाजियाबाद के लोकसभा सांसद रहे हैं। आसमान की उड़ान से लेकर सड़क के मंत्रालय को संभाला है। उनके व्यक्तित्व का एक सबसे बड़ा पहलू ये है कि उन्होंने राजनीति में आने से पहले अपना पूरा जीवन फौज में गुजारा है। फौज विरासत में मिली है, उनके पिता भारतीय सेना में थे। वो एनडीए से सेना में सिलेक्ट हुए और कई सफल ऑपरेशन पूरे किये हैं और सेना में सर्वोच्च पद को सुशोभित किया है। जाहिर है कि वो युद्ध का मनोविज्ञान जानते हैं, सेना का मनोविज्ञान जानते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि वो एक सैनिक के परिवार का मनोविज्ञान जानते हैं। वो जानते हैं कि जब सैनिक सीमा पर देश के लिये जंग लड़ता है तो उनके परिवार की क्या हालत होती है। वो उस पल को जानते हैं जब किसी भी परिवार का बच्चा सेना में सैनिक के रूप में जंग के बाद जिंदा और सुरक्षित लौटता है तो परिवार की हालत होती है। आम लोगों का क्या है, वो तो अपने घरों में सुरक्षित बैठकर जंग का एक अलग ही रंग देखते हैं, लेकिन जिन परिवारों के चिराग, जिन परिवारों की संतानें, जिन परिवारों के बेटे सीमा पर युद्ध लड़ते हैं, उन परिवारों की हालत जनरल वीके सिंह से बखूबी कौन जानता है। जनरल वीके सिंह ने युद्ध से लौटने पर एक परिवार की हालत को अपने शब्दों में बेहद भावनात्मक तरीके से रखा। जनरल ने कहा कि मैंने भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख के रूप में, मैंने हर क्षेत्र में वीरता देखी है, लेकिन मैंने जो सबसे बड़ा साहस देखा है वह सिर्फ युद्ध के मैदान में नहीं



था। यह एक मां की आंखों में था जो अपने बच्चे को देश की सेवा के लिये भेज रही है। एक जीवनसाथी की खामोशी में था जो दर्द में इंतजार करते हुए भी मजबूती से खड़ा था।

जनरल वीके सिंह ने लिखा कि हर वर्दी के पीछे एक परिवार होता है। एक स्टील का खंभा जो शाम प्रार्थनाओं और अटूट प्रेम से सिला हुआ है। ये भले ही परेड में मार्च ना करें, लेकिन वे हर दिन अपने दिल में झंडा लेकर चलते हैं। उन माता-पिता के लिये जिन्होंने हमें योद्धा दिये, उन बच्चों के लिये जो बहुत जल्दी बड़े हो गए, उन साथियों के लिये जो अकेलेपन के तूफानों के बीच मजबूती के साथ डटे रहे। आप हमारे सशस्त्र बलों की आत्मा हैं, आपका बलिदान इतिहास की किताबों में नहीं लिखा गया है, लेकिन यह हर सलामी, हर राष्ट्रगान, हर बोल में गूंजता है। मैंने हजारों सैनिकों को सलाम किया है, लेकिन आज मैं खड़ा हूं और आपको सलाम करता हूं। - **जय हिन्द।**

भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख जनरल वीके सिंह के ये शब्द सैनिक के परिवार का वो पक्ष रख रहे हैं जिनसे अक्सर लोग अंजान रहते हैं। जब सीमा पर युद्ध होता है तो हर आहट के साथ सैनिक का परिवार जागता है। वो अपने लाडले का बेसब्री से इंतजार करते हैं और जब किसी परिवार का जवान बेटा युद्ध के मैदान से जीवित और सकुशल लौटता है तो आसमान में प्रार्थनाएं गूंजती हैं। ईश्वर का आभार होता है। मां-बाप की आंखों में प्यार होता है, जीवनसाथी की आंखों में इंतजार होता है और ये वो भावनाएं हैं जिनको खुद में समेटे एक सैनिक का परिवार होता है।

## गाजियाबाद में कोरोना के 4 केस मिले 3 घर में आइसोलेट, एक अस्पताल में भर्ती

गाजियाबाद करंट क्राइम। शुक्रवार (23 मई) को गाजियाबाद में कोरोना के चार मामले सामने आए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की तरफ से इसकी पुष्टि की गई। अधिकारी की तरफ से बताया गया कि चार मरीजों में से तीन अपने घर में ही आइसोलेट हैं और एक मरीज अस्पताल में भर्ती है। इन सभी मरीजों को सर्दी, जुकाम और बुखार की शिकायत थी। एक बुजुर्ग दंपति भी कोविड संक्रमित पाए



गए हैं। ये दोनों 13 मई को बेंगलुरू से लौटे थे।

### ये मरीज मिले कोविड पॉजिटिव

**करंट क्राइम।** 18 वर्षीय, बृजविहार, गाजियाबाद निवासी महिला को 18 मई से खांसी, जुकाम, बुखार की शिकायत थी। महिला यशोदा अस्पताल कौशाम्बी में जांच उपरान्त कोविड पॉजिटिव पायी गयी है। वर्तमान में मरीज यशोदा अस्पताल कौशाम्बी में भर्ती है।

वसुन्धरा निवासी दंपति जोकि बैगलुरू से 13 मई को वापस गाजियाबाद लौटे थे। 16 मई से ये खांसी, बुखार की समस्या से ग्रसित थे। डॉक्टर की सलाह पर पति उम्र 71 साल और पत्नी उम्र 64 वर्ष ने कोविड जांच कराई। दोनों कोविड पॉजीटिव पाए गए। दोनों मरीज वर्तमान में घर पर ही स्वस्थ हैं।

वैशाली निवासी 37 वर्षीय महिला को 4-5 दिन से खांसी, जुखाम की शिकायत थी। डॉक्टर की सलाह पर उसने जांच कराई, जिसमें कोविड पॉजिटिव पाई गई। मरीज वर्तमान में स्वस्थ है।

### सीएम योगी ने की समीक्षा

**करंट क्राइम।** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कोविड-19 के ताजा उपवेरिएंट जेएन.1 से संबंधित वैश्विक और राष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए प्रदेश में कोविड-19 की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कोविड-19 के संक्रमण को लेकर चिंता जैसी कोई बात नहीं है, लेकिन वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए सावधानी और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया था कि भारत सरकार ने कोविड-19 को लेकर कोई नए दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं, फिर भी थाईलैंड, सिंगापुर और हांगकांग जैसे देशों में जेएन.1 उपवेरिएंट के चलते संक्रमितों की संख्या में हुई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में भी सतत निगरानी आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और स्वास्थ्य इकाइयां सतर्क रहें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 की पिछली लहरों के दौरान जिला अस्पतालों में बनाए गए 10-10 बिस्तरों वाले आईसीयू, वेंटिलेटर और ऑक्सीजन संयंत्र जैसी सुविधाओं को स्थायी रूप से सक्रिय रखा जाए। इन सुविधाओं का नियमित परीक्षण और आवश्यकतानुसार रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।

## हाउस टैक्स बढ़ोतरी पर चल रहा है गहन मंथन : महापौर सुनीता दयाल

### कुछ लोग हाउस टैक्स के मुददे पर भ्रमित कर अराजकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स को लेकर शहर में कुछ लोग अराजकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं जिसको लेकर महापौर सुनीता दयाल ने बताया है कि हाउस टैक्स बढ़ोतरी को लेकर मैं मेरे पार्षद और अधिकारी हम सब चिंतित हैं। लगातार सभी पार्षदों के साथ बैठक व चर्चा हो रही है। इसी प्रकार नगर आयुक्त सहित अधिकारियों से भी बैठक व चर्चा हो रही है। जनता हो घबराने की जरूरत नहीं है। हाउस टैक्स को लेकर नगर हित व नगर निगम हित में ही कार्य किया जाएगा और चल रहे मंथन के बाद सभी को राहत मिलेगी। कुछ लोग हाउस टैक्स के मुद्दे पर जनता को भ्रमित कर अराजकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं। किसी भी सूरत में जनता और निगम का अहित नहीं होने दिया जाएगा।

## आज गाजियाबाद आएंगे सुहेलदेव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर

### व्यापारियों के साथ होगी विभिन्न विषयों पर बात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सुहेलदेव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर आज गाजियाबाद आएंगे। ओमप्रकाश राजभर यहां व्यापारियों से मुलाकात करेंगे और व्यापारिक मुद्दों को लेकर उनसे बात करेंगे। सुहेलदेव पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि यह व्यापारी संवाद कार्यक्रम है। हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर गाजियाबाद के व्यापारियों से अलग-अलग मुद्दों को लेकर बात करेंगे। केंद्र और प्रदेश सरकार की व्यापारी नीतियों को लेकर बात होगी। अशोक अग्रवाल ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर शनिवार को दोपहर ढाई बजे ईस्ट मॉडल टाउन में रामअवतार जिंदल के आवास पर आएंगे। यहीं पर व्यापारियों से बात होगी। इस कार्यक्रम में अलग-अलग व्यापार मंडल के अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में लगभग 200 व्यापारी मौजूद रहेंगे। व्यापारी संवाद का उद्देश्य ही यह है कि सुहेलदेव पार्टी व्यापारियों के मुद्दों पर आगे आएगी। व्यापारिक हित में काम होंगे और व्यापारियों की मौजूदा परेशानियों को निराकरण कराने का प्रयास किया जाएगा।

## यूपीएससी परीक्षा 2025 को लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में प्रशिक्षण शिविर आयोजित

### 25 मई को देश भर के विभिन्न केंद्रों पर होंगी परीक्षाएं

**परीक्षा का समय सुबह 9:30 से 11:30 व द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2:30 से 4:30 बजे तक होगी**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यूपीएससी सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2025, 25 मई 2025 को देश भर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली है। यूपीएससी ने इस परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड और कुछ दिशानिर्देश भी जारी कर दिए हैं जिनका सख्ती से पालन करना होगा। जिसके सम्बंध में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह की अध्यक्षता में डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम सभागार, जीजीआईसी विजयनगर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

### यूपीएससी आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करें : अपर जिलाधिकारी रणविजय सिंह

**करंट क्राइम।** प्रशिक्षण के दौरान बताया कि जिला गाजियाबाद में इस परीक्षा हेतु 51 सेन्टर है, जिनमें परीक्षा के दौरान निगरानी हेतु 3 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 07 जोनल मजिस्ट्रेट, 18 सैक्टर मजिस्ट्रेट, 51 एलआईओ सहित सुरक्षा की दृष्टि से महिला/पुरूष पुलिस कर्मी रहेंगे, इसके साथ ही सुरक्षा हेतु अन्य पुलिस अधिकारी भी रहेंगे। बताया कि परीक्षा दो पालियों में होगी जो कि दो—दो घण्टों की होंगी, प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 09 :30 से 11 :30 व द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02 :30 बजे से 04 :30 बजे तक होगी। अपर जिलाधिकारी रणविजय सिंह ने कहा कि यूपीएससी आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करें।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 8



# यूपी, दिल्ली-एनसीआर में आंधी-तूफान के कहर में 50 लोगों की मौत

## प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार मृतकों में 17 महिलाएं और 33 पुरुष शामिल, कई इलाओं में बिजली आपूर्ति ठप हो गई






**लखनऊ।** यूपी के नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बागपत सहित अनेक क्षेत्रों में तूफान की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पेड़ उखड़ गए, सड़कें जाम हो गईं और जनजीवन पूरी तरह से बाधित हो गया। इस प्राकृतिक आपदा में कई लोगों की जान चली गई और कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बुधवार रात आई तेज आंधी और तूफान ने भारी तबाही मचाई। यूपी के नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बागपत सहित अनेक क्षेत्रों में तूफान की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पेड़ उखड़ गए, सड़कें जाम हो गईं और जनजीवन पूरी तरह से बाधित हो गया। इस प्राकृतिक आपदा में कई लोगों की जान चली गई और कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 32 घंटों में उत्तर प्रदेश के 21 जिलों में आंधी, तूफान और आकाशीय बिजली गिरने से अब तक 50 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में 17 महिलाएं और 33 पुरुष शामिल हैं।

**जिलावार मृतकों की संख्या इस प्रकार है–**

गाजियाबादः 2 मौतें (21 मई), मेरठः 4 मौतें (21 मई), बुलंदशहरः 3 मौतें (21 मई), ओरैयाः 4 मौतें (21 मई), कासगंजः 5 मौतें (21 मई), फिरोजाबादः 2 मौतें (21 मई), फतेहपुरः 5 मौतें (22 मई), इटावाः 2 मौतें (22 मई), अलीगढ़ः 1 मौत (22 मई), कानपुर देहातः 2 मौतें (22 मई), हाथरसः 1 मौत (22 मई), गौतमबुद्ध नगर (नोएडा): 2 मौतें (21 मई) 1 मौत (22 मई), चित्रकूटः 1 मौत (आकाशीय बिजली से), अम्बेडकर नगरः 1 मौत (आकाशीय बिजली से), कानपुर नगरः 3 मौतें (22 मई), उन्नाव : 1 मौत (22 मई)

वहीं, हाथरस जिले में आंधी तूफान से 1 व्यक्ति की मृत्यु हो गई।

गुस्साये परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था। उधर, प्राकृतिक आपदा के चलते कई इलाओं में बिजली आपूर्ति ठप हो गई, कई स्थानों पर घरों और इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है।

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में हनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण किया

## बोले, बहुत जी लिया पाकिस्तान, आतंकवाद इसको ले डूबेगा एक दिन

**अयोध्या।** अयोध्याः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या पहुंचे। उन्होंने यहां हनुमानगढ़ी में बने श्री हनुमत कथा मंडप लोकार्पण किया। योगी ने कहा कि 500 साल के अंतराल के बाद रामनगरी अयोध्या का वैभव वापस लौटा है। एक समय सुविधाओं के अकाल से जूझ रही अयोध्या का कायाकल्प हो गया है। उन्होंने कहा कि मंदिर यहीं बनाने का सौगंध खाया था और संकल्प को सिद्ध भी किया। योगी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को लेकर जमकर निशाना साधा।




सीएम योगी ने कहा- पाकिस्तान अब ज्यादा दिन नहीं टिकेगा। वहां का आतंकवाद ही उसे ले डूबेगा। पाकिस्तान 75 साल बहुत जी लिया और अब खात्मे का समय आ गया है। वह अपने ही कर्मों का फल भुगत रहा है। यह नया भारत है, जो किसी को छेड़ता नहीं है। लेकिन कोई छेड़े तो छोड़ता भी नहीं है। हमने पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम किया। एयर डिफेंस सिस्टम ने हर हमला फेल किया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और धर्म के खिलाफ कुछ भी स्वीकार नहीं है। हमारा अस्तित्व सनातन की वजह से है। पाकिस्तान का अपना कुछ नहीं है, सब कृत्रिम है। पहलगाम में लोगों का धर्म पूछकर चुन-चुनकर मारा गया। लेकिन पाकिस्तान को हमारे 24 लोगों की जान की कीमत 124 आतंकियों की जिंदगी से चुकानी पड़ी। उन्होंने कहा कि रामजन्मभूमि और हनुमानगढ़ी मंदिर हमारा गौरव है। अयोध्या का वैभव 500 साल के बाद लौटा है। मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने की सौगंध खाई थी। यह भगवान राम, भगवान कृष्ण, बाबा विश्वनाथ और संतों की विरासत है। हमने महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन को भव्य और सफल रूप से अंजाम दिया।

योगी ने अयोध्या के कायाकल्प की बात कहते हुए कहा कि पहले बिजली आती नहीं थी और अब जाती नहीं। उन्होंने कहा कि लकीर का फकीर बनने से कोई फायदा नहीं है। जो भी लीक से हटकर काम करेगा, वो कुछ करेगा। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की बहादुरी का प्रतीक है।

# गंगा के घाटों से दूर रहें लोग, अचानक बढ़ सकता है जलस्तरः उत्तराखंड पुलिस

### हरिद्वार में भी गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा के पार

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

ऋषिकेश में त्रिवेणी घाट पर गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा 339.50 मीटर को पार कर 339.52 मीटर तक पहुंच गया है, जबकि खतरे का निशान 340.50 मीटर है।

**पुलिस और प्रशासन ने जारी किया अलर्ट :** गंगा के जलस्तर में हो रही वृद्धि को देखते हुए उत्तराखंड पुलिस और प्रशासन ने लोगों से गंगा घाटों से दूर रहने की अपील की है। पुलिस द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से मुनादी कर लोगों को सतर्क किया जा रहा है, और जल पुलिस के जवानों को घाटों पर तैनात किया गया है।




हरिद्वार में भी गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा 293.00 मीटर को पार कर 293.25 मीटर तक पहुंच गया है। गुरुवार सुबह 9 बजे टिहरी और श्रीनगर डैम से गंगा में अतिरिक्त जल छोड़ा गया था, जिससे जलस्तर में वृद्धि हुई है।

**बाढ़ चौकियों को किया गया अलर्ट :** गंगा के जलस्तर में वृद्धि के चलते सभी बाढ़ चौकियों को अलर्ट पर रखा गया है। सिंचाई विभाग और आपदा राहत एवं बचाव यूनिट सतर्क हैं, और गंगा के तटबंधों की निगरानी की जा रही है।

**लोगों से सतर्क रहने की अपील :** उत्तराखंड पुलिस और प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे गंगा घाटों से दूर रहें और किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें। जलस्तर में अचानक वृद्धि हो सकती है, जिससे जान-माल का खतरा बढ़ सकता है।

# एनजीटी ने जनकपुरी में दूषित पानी को लेकर दिल्ली जल बोर्ड को लगाई सख्त फटकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने जनकपुरी में पीने योग्य पानी की आपूर्ति नहीं करने पर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की खिंचाई की है। कथित रूप से उस क्षेत्र के घरों में सीवेज-,मिश्रित पेयजल की आपूर्ति की जा रही थी।

एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी तथा विशेषज्ञ सदस्य अफरोज अहमद की पीठ ने कहा कि शहर के लोगों को अनुपयुक्त पेयजल की आपूर्ति किया जाना बहुत गंभीर मामला है।




**डीजेबी ने नहीं उठाया ठोस कदम :** उसे नजरअंदाज करते हुए डीजेबी ने उसे ठीक करने के लिए तुरंत ठोस कदम नहीं उठाया। साथ ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने उसके पिछले आदेश के अनुसार पानी के नमूने की रिपोर्ट जल्द लेने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए। इस दशा में सीपीसीबी से पानी के नमूने एकत्र करने एवं नया रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है।

**बिना सूचना दिए पुराने जगहों से जल के लिए जाए नमूने :** एनजीटी ने कहा कि बिना डीजेबी के सूचना दिए 10 नए जगह एवं 10 पुराने जगहों से जल के नमूने के लिए जाए। इस नमूनों को जल्द विश्लेषण किया जाए जिससे पता चले कि फिकल कोलीफॉर्म और ई। कोलाई जैसे बैक्टीरिया है या नहीं। उसने डीजेबी की कार्यप्रणाली की आलोचना करते हुए कहा कि उसने हलफनामा दाखिल कर बता दिया कि क्या कार्रवाई की गई है, लेकिन जब तक संबंधित क्षेत्र के लोगों को पीने योग्य पानी नहीं मिलता है तब तक यह नहीं कहा जा सकता कि डीजेबी ने पर्याप्त कदम उठाए है।

**एनजीटी 30 मई को करेगा अगली सुनवाई :** एनजीटी ने इस मुद्दे का स्थायी समाधान निकालने के लिए अगली सुनवाई के लिए 30 मई को मुख्य अभियंता से उपस्थित रहने को कहा है।

एनजीटी रेजिडेंट वेलफेयर की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा है। याचिका में कहा गया है कि खराब पाइपलाइन की वजह से पीने के पानी में सीवेज मिल रहा है। उस वजह से लोग बीमार पड़ रहे हैं।

# एनआईए कोर्ट ने आईएसआई एजेंट तुफैल और हारून को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिज्म स्क्वॉड (अळर) ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल दो जासूसों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपियों में एक का नाम तुफैल है जिसे वाराणसी से पकड़ा गया, जबकि दूसरे आरोपी मोहम्मद हारून को दिल्ली से दबोचा गया। दोनों को गुरुवार देर रात राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ठकअ) की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

एटीएस का मानना है कि इन दोनों आरोपियों से देशविरोधी नेटवर्क के कई और तार जुड़ सकते हैं। इसलिए दोनों की गहन पूछताछ के लिए अळर जल्द ही कोर्ट में रिमांड की अर्जी दाखिल करेगी। अधिकारियों का कहना है कि रिमांड के दौरान उनसे पूछताछ कर और भी अहम जानकारियां सामने लाई जा सकती हैं, जिससे इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक भी पहुंचा जा सके।

यह मामला इस बात का जीता-जागता उदाहरण है कि कैसे सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर देश की सुरक्षा व्यवस्था को भेदने की साजिशें की जा रही हैं। अळर और सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई हैं और आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

**600 से जुड़ा था तुफैल :** प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मोहम्मद हारून का संपर्क पाकिस्तानी उच्चायोग से था और वह भारत की संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तान को भेज रहा था। वहीं तुफैल, नफीसा नाम की एक महिला के हनी ट्रैप में फंसकर देश के संवेदनशील स्थानों की तस्वीरें साझा कर रहा था। सूत्रों के मुताबिक, तुफैल व्हाट्सएप पर करीब 600 पाकिस्तानी नागरिकों से जुड़ा हुआ था।




तुफैल उन तक संवेदनशील सूचनाएं और जानकारी पहुंचाता था। इसके अलावा, तुफैल तहरीके-लब्बैक पाकिस्तान से संबंधित सामग्री भी लोगों के बीच प्रचारित करता था, जो एक कट्टरपंथी संगठन के रूप में पहचाना जाता है।

# डीयू ने राहुल गांधी के दौरे को प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताया



**नई दिल्ली:** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय पहुंचे। उन्होंने उत्तरी परिसर स्थित डूसू अध्यक्ष कार्यालय में एनएसयूआई से जुड़े विद्यार्थियों से संवाद किया। विशेष रूप से एससी, एसटी और ओबीसी विद्यार्थियों से हुए सवांद पर उचित प्रतिनिधित्व, समानता और शैक्षणिक न्याय जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। राहुल गांधी ने छात्रों से संवाद करते हुए लोकतांत्रिक भागीदारी और शैक्षणिक वातावरण के समावेशी होने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने मटके में पानी भरा, कांग्रेस पार्टी ने अपने एक्स पोस्ट पर संबंधित वीडियो साझा किए हैं।

राहुल गांधी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के ह्यशिक्षित बनो, आंदोलन करो, संगठित होह्ण के संदेश का हवाला देते हुए छात्रों को प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छात्रों की भूमिका सिर्फ कक्षा तक सीमित नहीं है, उन्हें वंचित और उपेक्षित वर्गों के अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए।

डूसू अध्यक्ष रौनक खत्री ने राहुल गांधी से बातचीत में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत कौशल उन्नयन पाठ्यक्रम (सेक) और वेल्यू एडिशन कोर्स (वेक) को प्राथमिकता देने पर चिंता जताई।

# राहुल गांधी आज पुंछ जाएंगे, पाकिस्तान की गोलाबारी से पीड़ित परिवारों से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार यानी 24 मई को जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके का दौरा करेंगे। इस दौरान वो हालिया पाकिस्तानी गोलाबारी में मारे गए और प्रभावित लोगों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। पार्टी नेता जयराम रमेश ने राहुल गांधी के दौरे की जानकारी दी।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हमला हुआ था। इस हमले के बाद भी राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर गए थे। इसी के बाद अब वो पुंछ में पाकिस्तान की तरफ से की गई गोलीबारी के बाद एक बार फिर इलाके का दौरा करने जा रहे हैं।



**प्रभावित लोगों से करेंगे मुलाकात :** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने राहुल गांधी के दौरे की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कल यानी 24 मई को पुंछ का दौरा करेंगे, जहां वो हाल ही में पाकिस्तान की गोलाबारी में मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात करेंगे।

उन्होंने आगे कहा, इससे पहले, 25 अप्रैल को राहुल गांधी श्रीनगर गए थे, जहां उन्होंने पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले में घायल लोगों और अन्य संबंधित पक्षों से मुलाकात की थी। उन्होंने उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की थी।

**आतंकवाद को हराने के लिए एकजुट हो :** हमले के बाद पिछले महीने जम्मू-कश्मीर की अपनी यात्रा के दौरान, राहुल गांधी ने कहा था कि आतंकवादी हमले के पीछे की सोच देश के लोगों को विभाजित करने की थी और यह जरूरी है कि भारत आतंकवाद को हमेशा के लिए हराने के लिए एकजुट हो।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद बौखलाया पाक :** पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ सबक सिखाने के लिए भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। इस ऑपरेशन के तहत भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया था और उनको तबाह कर दिया था। भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान बौखला गया था इसी के बाद पाकिस्तान ने एलओसी पर अंधाधुंध फायरिंग की थी। इस फायरिंग में सबसे ज्यादा गोलीबारी पुंछ में ही की गई थी।

भारत के ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किए जाने के बाद पाकिस्तान से भी नाकाम जवाबी हमला किया गया। 8 मई से लेकर 10 मई दोनों देशों ने एक दूसरे पर मिसाइलें दागी। इस दौरान पुंछ में पाकिस्तान की तरफ से गोलाबारी की गई, मिसाइलों और ड्रोन हमलों में 27 लोग मारे गए और 70 से अधिक घायल हुए। हालांकि, 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ और दोनों तरफ से हमला रोक दिया गया।

# अच्छी खबर : दिल्ली में दो दिन बारिश का अलर्ट अब कुछ दिन खुशनुमा रहेगा मौसम, चलेंगी हवाएं

**नई दिल्ली।** अच्छी खबर है। भीषण गर्मी के बाद अगले एक सप्ताह मौसम खुशनुमा रहेगा। मौसम विभाग ने 23 और 24 मई के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बहुत हल्की से हल्की बारिश के साथ बिजली कड़केगी और तेज हवाएं 30-40 किमी प्रति घंटा की गति से चलेंगी, जो अस्थायी रूप से शाम व रात के समय धूल उड़ाने वाली हवाएं 50 किमी प्रति घंटा तक पहुंचेगी। इसके लिए 25 से 28 मई तक बारिश की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटे में बृहस्पतिवार सुबह 8:30 बजे तक कुल बारिश 012.3 दर्ज की गई। इसके अलावा, लोधी रोड़ में 012.0 और पालम में 009.8, रिज में 003.2 और आया नगर में 002.0 बारिश रिकॉर्ड की गई। बृहस्पतिवार को बादल और सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। ऐसे में मौसम खुशनुमा रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 34.7 डिग्री दर्ज किया गया। फिलहाल मई में एक भी दिन लू नहीं चली। हालांकि, बुधवार को हुई बारिश ने लोगों को राहत पहुंचाई है।



ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब और आसपास के क्षेत्रों में समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इससे पहले साल 2024 में छह दिन लू चली थी।

**रिज में सबसे अधिक तापमान रहा :** रिज में सबसे अधिक तापमान रहा। यहां अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पालम में 33.8, लोधी रोड में 33.6 और आया नगर में 34.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा।



दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# लेकर 200 भगवा भक्तों को अपने साथ

## भगवा कमांडर सात दिन के लिए पहुंच गए हैं बदरीनाथ







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भगवा कमांडर के नाम से प्रसिद्ध भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष और मौजूदा शहर विधायक संजीव शर्मा शुक्रवार को अपने साथ 200 भक्तों को लेकर गाजियाबाद से बद्रीनाथ के लिये रवाना हुए। हर-हर महादेव की गूंज के साथ ये काफिला रवाना हुआ। खास बात ये है कि ये सभी लोग अपने-अपने वाहनों से गए हैं।

दरअसल शहर विधायक संजीव शर्मा 7 दिन के लिये बद्रीनाथ धाम में प्रवास करेंगे। वो यहां भागवत कथा का आयोजन करा रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह केवल आस्था का विषय है और इसका किसी भी सियासत से कोई वास्ता नहीं है। उन्होंने बताया कि वो 25 मई से 31 मई तक बद्रीनाथ धाम में प्रवास करेंगे। वो यहां भागवत कथा का आयोजन करा रहे हैं। यह कथा रोजाना दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक लगातार 7 दिन आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 8 महीने पहले ही बन गया था और 8 महीने पूर्व ही इसकी सारी तैयारियां करा दी गई थीं। उन्होंने बताया कि उनके साथ लगभग 200 लोग आए हैं। सभी के रुकने का इंतजार बद्रीनाथ धाम में किया गया है। शुक्रवार को काफिला गाजियाबाद से निकलकर हरिद्वार पर हर की पैड़ी पर पहुंचा।

उन्होंने बताया कि हरि भगवान विष्णु का नाम है और हर भगवान शिव का नाम है और वह हरिहर के नाम के साथ धार्मिक कथा को संपन्न करा रहे हैं। शुक्रवार को हरिद्वार में आस्था की डुबकी लगाने के बाद भगवा कमांडर ऋषिकेश पहुंचे जहां उन्होंने गंगा मां की आरती में भाग लिया।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने की निकोले म्लादेनोव से मुलाकात

# गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने आतंकवाद के विरोध पर रखा पक्ष









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारत का प्रतिनिधिमंडल इन दिनों तीन देशों की यात्रा पर है। सात सांसद तीन देशों की यात्रा पर हैं। इस डेलीगेशन में गाजियाबाद से भाजपा के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, आईयूएमएल सांसद मोहम्मद बशीर, बीजेडी के सांसद सस्मित पात्रा तथा एसएस अहलूवालिया और मनन कुमार मिश्रा हैं। ये सांसद यूएई, लाबेरिया और कांगो मे जाकर आतंकवाद को लेकर पास्तिान के झूठ को बेनकाब कर रहे हैं। यह सांसद दल श्रीकांत एकनाथ शिंदे की अगुवाई में देश का पक्ष रख रहा है।

शुक्रवार को सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अनवर गर्गश डिप्लोमेटिक एकेडमी के महानिदेशक महामहिम निकोले म्लादेनोव से बात की। उन्होंने आतंकवाद से निपटने और कट्टरपंथ से निपटने में सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान सभी सांसदों ने अपने देश का पक्ष का रखा। गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने वार्ता में आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की भूमिका बताई और भारत का पक्ष रखा। बताया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत हमेशा से मजबूती के साथ लड़ता आया है और लड़ेगा।




**दीपक भाटी (एंकर) :** –पप्पू पहलवान जी हमें समझ नहीं आया, किसी के जवाब का कायदा। यहां तो फैला दिया सभी ने रायता। अब आप करो इंडिया गेट तक तिरंगा यात्रा निकालने की तैयारी, इस बार हार गये हैं आप। प्रयास करना अगली बारी।

कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

## संपादकीय

# नक्सलवाद पर निर्णायक हमला

देश में नक्सली हिंसा लंबे समय से एक जटिल समस्या रही है। इससे निपटने के लिए सरकार ने कई स्तर पर मोर्चेबंदी की है और वह अब भी जारी है। मगर सच यह है कि अब भी इस समस्या और इसकी जड़ों से पार पाना एक चुनौती है। हालांकि नक्सली हिंसा का सामना करने के क्रम में पिछले कुछ समय से सुरक्षा बलों को जैसी कामयाबी मिल रही है, उससे कहा जा सकता है कि सरकार इसे खत्म करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ काम कर रही है और इसी मुताबिक जमीनी स्तर पर भी कार्रवाई कर रही है।

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-बीजापुर-दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती इलाकों में बुधवार को सुरक्षा बलों द्वारा सत्ताईस नक्सलियों को मार गिराने की खबर आई। खुफिया जानकारी के बाद घेरेबंदी कर की गई इस कार्रवाई में शीर्ष माओवादी नेता नंबाला केशव राव उर्फ वसवराजू को भी मार गिराया गया। इसके अलावा, गुरुवार को राज्य के सुकमा जिले में भी नक्सल विरोधी अभियान के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ के एक कोबरा कमांडों की मौत हो गई और मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। कुछ वर्षों से नक्सल विरोधी अभियान में तेजी आ गई है।

जाहिर है, देश भर में नक्सली हिंसा का सामना करने और इसे खत्म करने के लिए किए जाने वाले सरकारी दावों के लिहाज से ताजा कार्रवाई को एक बड़ी कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है। खासतौर पर इसलिए भी कि पिछले कुछ वर्षों से नक्सल विरोधी अभियान में तेजी के साथ छिटपुट स्तर पर नक्सलियों को या तो मार गिराने या फिर उनका समर्पण कराने में सरकार को लगातार सफलता मिल रही थी।

मगर इस बार के मुठभेड़ को सरकार ज्यादा अहम इसलिए मान रही है कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई के तीन दशकों के दौरान यह पहली बार है जब सुरक्षा बलों ने एक शीर्ष स्तर के किसी नेता को मारा है। ताजा अभियान के तहत हाल के दिनों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में चौवन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और चौरासी ने आत्मसमर्पण कर दिया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, सिर्फ इस वर्ष अब तक एक सौ अस्सी से ज्यादा माओवादी मारे गए और कई सौ ने आत्मसमर्पण भी किया। निश्चित तौर पर नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने, आत्मसमर्पण और उनकी गिरफ्तारी को प्रत्यक्ष नक्सली हिंसा को समाप्त करने की दिशा में अहम उपलब्धि माना जा सकता है। मगर इस समस्या की जड़ें सामाजिक-आर्थिक कारणों में भी छिपी हैं। इसलिए प्रत्यक्ष कार्रवाई के साथ-साथ उनके समाधान या उन्हें दूर करने के लिए भी एक ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम करने की जरूरत है। मसलन, नक्सली समूहों तक वित्तीय मदद और हथियार पहुंचने के रास्तों या माध्यमों को खत्म करने, नक्सल प्रभावित इलाकों में आम लोगों के बीच विश्वास पैदा करने, उन्हें बुनियादी और भूमि अधिकार देने, मुख्यधारा में लाने, ऋण माफ करने और गरीबी दूर करने के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक वंचनाओं से मुक्ति दिलाने जैसे अन्य पहलुओं पर भी स्थायी हल तलाशने की मंशा के साथ काम करने की जरूरत है।

# पूर्वोत्तर में अभूतपूर्व विकास हो रहा, ईस्ट का मतलब भी बताया: पीएम मोदी




**नई दिल्ली।** शिखर सम्मेलन में मंत्रिस्तरीय सत्र, व्यापार-से-सरकार सत्र, व्यापार-से-व्यापार बैठकें, स्टार्ट-अप और राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों की ओर से निवेश प्रोत्साहन के लिए की गई नीति, संबंधित पहलों की प्रदर्शनी होगी। मुख्य फोकस क्षेत्रों में पर्यटन और आतिथ्य, कृषि-खाद्य प्रसंस्करण और संबद्ध क्षेत्र, कपड़ा, हथकरघा और हस्तशिल्प, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कौशल विकास, सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं, बुनियादी ढांचा और रसद, ऊर्जा, मनोरंजन और खेल शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। सरकार पूर्वोत्तर की विकास गाथा को गति देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। नई दिल्ली में 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट' को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि पूर्वोत्तर की विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत है। यह क्षेत्र विकास के अग्रणी के रूप में उभर रहा है। उन्होंने दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा, 'पूर्वोत्तर में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। हम इसकी विकास गाथा को गति देने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। इस कार्यक्रम में पूर्वोत्तर के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, नौकरशाह, राजनयिक और अन्य लोग शामिल हो रहे हैं। उद्योग जगत के शीर्ष नेता मुकेश अंबानी, गौतम अदाणी, अनिल अग्रवाल और अन्य लोग उद्घाटन सत्र में शामिल हुए।

### 'पूर्वोत्तर को लेकर सभी में उत्साह है, उमंग है और नए-नए सपनें हैं'

पीएम मोदी ने कहा, 'आज जब मैं 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट' के इस भव्य मंच पर हूं, तो मन में गर्व है, आत्मीयता है, अपनापन है और सबसे बड़ी बात है कि भविष्य को लेकर अपार विश्वास है। अभी कुछ ही महीने पहले यहां भारत मंडपम में हमने अष्टलक्ष्मी महोत्सव मनाया था। आज हम यहां पूर्वोत्तर में निवेश का उत्सव मना रहे हैं। यहां इतनी बड़ी संख्या में कारोबार जगत के पुरोधा आए हैं। ये दिखाता है कि पूर्वोत्तर को लेकर सभी में उत्साह है, उमंग है और नए-नए सपनें हैं।

### 'पूर्वोत्तर पूर्वी भारत का सबसे अहम अंग'

पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए पूर्वी भारत का विकसित होना बहुत जरुरी है। पूर्वोत्तर पूर्वी भारत का सबसे अहम अंग है। हमारे लिए एअरळ का मतलब है - (परिवर्तन). पूर्वी भारत के लिए यही हमारी सरकार की नीति है।

### 'पूर्वोत्तर विविध राष्ट्र का सबसे विविध हिस्सा'

उन्होंने कहा, 'भारत को दुनिया का सबसे विविध राष्ट्र कहा जाता है। हमारा पूर्वोत्तर इस विविध राष्ट्र का सबसे विविध हिस्सा है। व्यापार से परंपरा तक, कपड़ा उद्योग से पर्यटन तक पूर्वोत्तर की विविधता उसकी बहुत बड़ी ताकत है।'

'पूर्वोत्तर के साथ हमने दिल से रिश्ता बनाया' उन्होंने कहा, 'पिछले 11 वर्षों में जो परिवर्तन पूर्वात्तर में आया है, वो केवल आंकड़ों की बात नहीं है। वो जमीन पर महसूस होने वाला बदलाव है। हमने पूर्वोत्तर के साथ केवल योजनाओं के माध्यम से रिश्ता नहीं जोड़ा, हमने दिल से रिश्ता बनाया है। 700 से ज्यादा बार हमारे केंद्र सरकार के मंत्री पूर्वोत्तर गए हैं। उन्होंने उस मिट्टी को महसूस किया, लोगों की आंखों में उम्मीद देखी और उस भरोसे को विकास की नीति में बदला। हमने इंफ्रास्ट्रक्चर को सिर्फ ईंट और सीमेंट से नहीं देखा, हमने उसे भावनात्मक जुड़ाव का माध्यम बनाया है। हम लुक ईस्ट से आगे बढ़कर एक्ट ईस्ट के मंत्र पर चले। एक समय था, जब पूर्वोत्तर को सिर्फ सीमांत क्षेत्र कहा जाता था। आज ये विकास का अग्रणी बन रहा है।'

'पूर्वोत्तर के तो कल्चर में ही म्यूजिक है, डांस है, सेलिब्रेशन' उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के तो कल्चर में ही म्यूजिक है, डांस है, सेलिब्रेशन है। इसलिए वैश्विक सम्मेलन हो, संगीत कार्यक्रम हो या फिर ऊे२३ल्लां३ङ्क्षल्ल हीर्ल्लि२ (गंतव्य विवाह) के लिए भी पूर्वोत्तर बेहतरीन जगह है। एक तरह से पूर्वोत्तर टूरिज्म के लिए एक सम्पूर्ण पैकेज है।

## शेयर बाजार में मजबूती वापस लौटी, सेंसेक्स 770 अंक चढ़ा, निफ्टी 24800 के पार पहुंचा



**नई दिल्ली।** बीएसई सेंसेक्स में 770 अंक की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 769.09 अंक या 0.95 प्रतिशत उछलकर 81,721.08 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 243.46 अंक या 0.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,853.15 पर आ गया।

घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को हरे निशान पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स में 770 अंक की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 769.09 अंक या 0.95 प्रतिशत उछलकर 81,721.08 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 243.46 अंक या 0.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,853.15 पर आ गया।

## पीयूष गोयल वाशिंगटन में अमेरिकी वाणिज्य सचिव से मिले, व्यापार समझौते पर की गई चर्चा



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल शुक्रवार को वाशिंगटन में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड ल्यूटनिक से दूसरी बार मिले। मुलाकात के दौरान दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा की गई। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को वाशिंगटन में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड ल्यूटनिक के साथ दूसरी बैठक की। इस दौरान दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा की। 20 मई को भी गोयल ने व्यापार समझौते के पहले चरण पर वार्ता में तेजी लाने के लिए ल्यूटनिक के साथ बैठक की थी।

गोयल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते के लिए सचिव हॉवर्ड ल्यूटनिक के साथ रचनात्मक बैठक हुई। हम हमारे व्यवसायों और लोगों के लिए अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों देश 8 जुलाई तक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं। मुख्य वातार्कारों के बीच चार दिवसीय चर्चा भी 22 मई को वाशिंगटन में समाप्त हो गई। अंतरिम व्यापार समझौते में, नई दिल्ली भारतीय वस्तुओं पर 26 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ से पूर्ण छूट के लिए दबाव डाल रही है। अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ लगाया था, लेकिन इसे 90 दिनों के लिए 9 जुलाई तक के लिए निलंबित कर दिया था। हालांकि, अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत का बेसलाइन टैरिफ अभी भी लागू है। 26 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क के 90 दिनों के निलंबन के कारण, भारतीय निर्यातक वर्तमान में केवल 10 प्रतिशत आधारभूत शुल्क का भुगतान कर रहे हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी।
- टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने 'टॉमटाटो' का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- चीन टमाटर का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो साल 2009 में दुनिया के उत्पादन के एक चौथाई हिस्से के लिए जिम्मेदार है। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत क्रमश: दूसरे और तीसरे उत्पादक हैं।

## जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, 12000 करोड़ रुपये की गड़बड़ी से जुड़ा मामला




नई दिल्ली। जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड के ठिकानों पर ईडी की ओर से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई कथित तौर पर घर खरीदारों और निवेशकों के साथ लगभग 12000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और धन की हेराफेरी और डायवर्जन करने के आरोपों के बाद की गई है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड और अन्य से संबंधित पीएमएलए मामले में तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई कथित तौर पर घर खरीदारों और निवेशकों के साथ लगभग 12000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और धन की हेराफेरी और डायवर्जन करने के आरोपों के बाद की गई है। यह तलाशी दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में स्थित 15 परिसरों पर की जा रही है, जिसमें जेपी एसोसिएट्स और उसकी संबद्ध कंपनियां गौरसंस, गुलशन, महावीर और सुरक्षा रियल्टी शामिल हैं।

### नोएडा में तीन बिल्डर के ठिकानों पर ईडी का छापा

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को नोएडा में तीन बिल्डरों के ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी घर खरीदारों, निवेशकों से करीब 1200 करोड़ रुपये के गबन व फंड डायवर्सन को लेकर बताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ईडी ने दिल्ली एनसीआर में 15 जगहों पर छापेमारी की है। मुंबई में भी कुछ ठिकानों पर छापेमारी है। ईडी की टीमें जेपी, गौड़ गुलशन बिल्डर व सुरक्षा रियलिटी के ठिकाने व दस्तावेज खंगाल रही हैं। सेक्टर 128 में जेपी बिल्डर के मार्केटिंग ऑफिस पर एक टीम पहुंची हुई है। यहां पर दस्तावेज व कंप्यूटर खंगाले जा रहे हैं। मुख्य गेट को बंद कर दिया गया है। सिर्फ उन्हीं लोगों को आने जाने दिया जा रहा है जिनको टीम बुला रही है। अभी बरामदगी को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई सूचना नहीं दी गई है। जांच अगले कुछ दिन तक जारी रहेगी।




## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

दो दोस्त होस्टल के कैंटीन में बैठे हुए...
गटरू- मैं ये रोटी नहीं खाऊंगा।
मटरू- क्यों ?
गटरू- इस रोटी पर से चूहा निकलकर गया है।
मटरू- तो क्या हुआ? चूहे ने चप्पल थोड़े ही पहनी थी...

---

दूल्हा वाले- बारात ठीक 8 :00 बजे पहुंच जाएगी।
पर एक बात तो हम कहना ही भूल गए।
दुल्हन वाले- जी पता है बारातियों का स्वागत पान पराग से करना है ना...?
दूल्हा वाले- नहीं, रास्ते के सारे चालान आपको ही भरने हैं।

---

एक भिखारी को लॉटरी लगी तो उसने मंदिर बनवाया।
दूसरा भिखारी- तूने मंदिर क्यों बनवाया?
पहला भिखारी- इसके सामने अब मैं अकेले ही भीख मागूंगा।
दूसरा भिखारी- सॉलिड इंवेस्टमेंट लाइफ लॉन्ग टेंशन फ्री एंड टैक्स फ्री,
दोस्त।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# स्वयं-भू शिव मंदिर में महाआरती एवं स्वच्छता अभियान संपन्न

## महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर श्रद्धा, संस्कृति और सेवा का संगम





### राजू पांचाल के संयोजन में कार्यक्रम ने किया जनता को प्रभावित



करंट क्राइम। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जनशताब्दी के विभिन्न आयामों में से एक आयाम की जिम्मेदारी भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक को दी थी। श्री पांचाल को मंदिर स्वच्छता एवं महाआरती कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया था। बताया जाता है कि राजू पांचाल ने कार्यक्रम को बहुत ही सुसज्जित कराया। कार्यक्रम में महाआरती एवं मंदिर स्वच्छता अभियान की तैयारियों को लेकर जनता भी मौके पर व्यवस्थाओं की तारीफ करती हुई दिखाई दी। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैंकड़ो लोग शामिल थे।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर जी की त्रिशताब्दी स्मृति वर्ष के उपलक्ष्य में स्वयं भू शिव मंदिर, सी-ब्लॉक कविनगर में महाआरती एवं मंदिर स्वच्छता अभियान का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सनातन संस्कृति की महिमा और राष्ट्रसेवा की भावना को समर्पित रहा।

मंदिर परिसर में सर्वप्रथम स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं एवं स्वयं सेवकों ने भाग लिया। इसके पश्चात सायं 7:00 बजे दिव्य महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर महारानी अहिल्याबाई होलकर जी के लोककल्याणकारी जीवन को स्मरण किया। इस आयोजन की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। उन्होंने कहा, अहिल्याबाई होलकर जी का जीवन हमें धर्म, सेवा और नारी सशक्तिकरण की प्रेरणा देता है। उनका स्मरण केवल इतिहास नहीं, हमारी चेतना का जागरण है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं कार्यकताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस आयोजन को सफल बनाने में जिन-जिन लोगों ने भी योगदान दिया, वे सभी साधुवाद के पात्र हैं। यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक चेतना को और अधिक जाग्रत करता है।

पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा, अहिल्याबाई होलकर जी ने भारतीय संस्कृति की रक्षा और लोकसेवा का जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह आज के युग में अत्यंत प्रासंगिक है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा, हमारे इतिहास की महान विभूतियों का स्मरण करना नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का कार्य करता है। यह आयोजन गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का माध्यम है। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा, अहिल्याबाई होलकर जी ने सेवा, सदाचार और धर्मपालन को अपने शासन की नीति बनाया। आज जब हम उनकी 300वीं जयंती मना रहे हैं, तो यह हम सबके लिए प्रेरणा लेने का अवसर है।

# झंडापुर में श्याम बाबा के भजनों पर देर रात तक झूमे श्रद्धालु





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** श्री खाटू श्याम मित्र मंडल झंडापुर द्वारा बाबा खाटू श्याम का चतुर्थ भव्य संकीर्तन झंडापुर मैन रोड पर भजनों का गुणगान करते हुए मनाया गया। संकीर्तन में बाबा का भव्य दरबार सजाया गया और बाबा को छप्पन भोग अर्पित किए गए। गुरुवार रात्रि श्याम बाबा के कीर्तन के अवसर पर पूरे पंडाल में आकर्षक रंग बिरंगी विद्युत सज्जा व गुब्बारों से सजाया गया। संकीर्तन की शुरूआत गणेश वंदना के साथ की गई। बाबा के संकीर्तन का विधि विधान से पूजन मुख्य अतिथि पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय, विधायक नंद किशोर गुर्जर, पार्षद मनोज गोयल समिति के परिवार सहित किया। बाबा की पावन ज्योत प्रज्वलित करते हुए बाबा को 56 भोग अर्पित किए गए। भजन गायक प्रशांत सूर्यवंशी गुनगुन दुबे के भजन घर से मैं लाया दो रोटी सांवरे, माना ये काफी नहीं होगी सांवरे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। गायकों ने भी प्रस्तुति देकर श्याम बाबा को रिझाया। भजन गायकों करण ने अपने भजनों से भक्तो को थिरकने के लिए विवश कर दिया। कीर्तन के बाद शुक्रवार को सुबह भंडारे का आयोजन किया गया क्षेत्र पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि बाबा के कीर्तन में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद लिया।

इस अवसर पर राहुल परिहार, मोहन लाल गौड,प्रदीप माथुर ,संतोष पासवान,मनीष राघव, हनि गोयल मोंटी राणा,सुबोध पंडित,संतकुमार सिंह,मोनू सैनी,पुनीत वर्मा, पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह, विजय गुप्ता,सचिन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# वोकल फॉर लोकल: 'स्वदेशी का सम्मान - विदेशी का बहिष्कार' विषयक सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान (रजि.) के तत्वावधान में शुक्रवार को जानकी सभागार, रामलीला मैदान, कविनगर, गाजियाबाद में 'वोकल फॉर लोकल' स्वदेशी का सम्मान, विदेशी का बहिष्कार अभियान के अंतर्गत एक भव्य सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री सच्चिदानंद शर्मा ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुनील सिंघी, अध्यक्ष, व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में कहा स्वदेशी को अपनाना केवल व्यापारिक निर्णय नहीं, यह राष्ट्र सेवा का एक माध्यम है। आज भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में व्यापारी वर्ग की भूमिका निर्णायक है।

अति विशिष्ट अतिथि अनिल अग्रवालद्व पूर्व सांसद, राज्यसभा ने कहा व्यापारी समाज ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है। जब देश पर संकट आता है, तब व्यापारी वर्ग सबसे पहले आगे आता है। स्वदेशी आंदोलन अब जन-आंदोलन बन रहा है और इसकी अगुवाई व्यापारी कर रहे हैं। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा स्वदेशी न केवल आर्थिक मजबूती लाता है, बल्कि यह सांस्कृतिक आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। हमें गर्व है कि व्यापारी समाज आज इस दिशा में अग्रसर है।

व्यापारी नेता संदीप सिंघल ने कहा स्वदेशी को आत्मसात करना अब विकल्प नहीं, हमारी राष्ट्रीय आवश्यकता है। इस अभियान में व्यापारी वर्ग का योगदान महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल (गाजियाबाद) ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'वोकल फॉर लोकल' संदेश आज घर-घर में गूंज रहा है। हमें गर्व है कि गाजियाबाद के व्यापारी इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी ने इस आयोजन का समर्थन करते हुए कहा व्यापारी सुरक्षा फोरम द्वारा गाजियाबाद से उठाई गई यह स्वदेशी ज्योति अब राष्ट्रीय आंदोलन का स्वरूप ले रही है। हम पूर्ण रूप से इस संकल्प के साथ हैं और देशभर के व्यापारियों से आह्वान करते हैं कि वे इस मुहिम से जुड़कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदार बनें।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व महापौर आशा शर्मा, ललित जायसवाल, बलदेवराज शर्मा, सरदार एसपी सिंह, महेश आहूजा, राजेश झा, मंगल सिंह चौधरी, अरुण शर्मा, संजीव गुप्ता, अमर दत्त शर्मा, प्रदीप चौधरी, संदीप सिंघल, गुलशन भांबरी, प्रदीप गुप्ता, मोहन सिंह रावत, अशोक भारतीय, प्रवीण भाटी, सौरभ यादव, आशु पंडित, संदीप त्यागी रसम, पार्षद अजीत निगम, नीरज गोयल, मनोज गोयल, सुभाष गुप्ता, आर के गोयल, राजेश गुप्ता, राकेश सैन, प्रिया बिष्ट सहित गाजियाबाद के व्यापार मंडल, प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर वार्ड 83 में पार्षद कविता प्रवीन भाटी के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 83 में शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन पार्षद कविता प्रवीन भाटी के नेतृत्व में किया गया। यह यात्रा हाल ही में सफल हुए ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में आयोजित की गई, जिसमें भारतीय सेना की बहादुरी और समर्पण को नमन किया गया। यात्रा की शुरूआत शाम 5 बजे वार्ड 83 पार्षद कार्यालय से की गई। यात्रा के आगे-आगे देशभक्ति गीतों के साथ डीजे की धुन बज रही थी, और पीछे हजारों की संख्या में वॉर्डवासी, युवा, महिलाएँ और बुजुर्ग हाथों में तिरंगा लेकर पूरे जोश और गर्व के साथ चल रहे थे। पार्षद कविता प्रवीन भाटी द्वारा सभी प्रतिभागियों को तिरंगा झंडा वितरित किया गया, जिससे वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया।

यात्रा मार्ग में श्याम पार्क एक्सटेंशन, नवीन पार्क और राजेंद्र नगर सेक्टर-3 के ब्लॉक 9, 10 और 11 जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल रहे, जहाँ स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह फूलों की वर्षा से तिरंगा यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। नागरिकों की सहभागिता और ऊर्जा ने यात्रा को एक जन आंदोलन का रूप दे दिया।

यात्रा का समापन उत्तम भवन पर किया गया, जहाँ सभी प्रतिभागियों ने वीर जवानों को नमन करते हुए देशभक्ति गीतों और नारों के साथ यात्रा का समापन किया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व एमएलसी विधायक सुरेश कश्यप और भारतीय जनता पार्टी के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान की उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने सैनिकों की वीरता को नमन करते हुए जनता को संबोधित किया।

पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने कहा कि आज की यह यात्रा सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारे सैनिकों को सम्मान देने की एक कोशिश थी। युवाओं और जनता की भारी भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि देशभक्ति की भावना हर दिल में जीवित है। इस यात्रा ने देशभक्ति की अलख जगाई और हमारे वार्डवासियों में अपार उत्साह का संचार किया ।हमारे वीर जवानों को सैल्यूट है ।जिनके बलिदान और साहस से भारत गर्व करता है। इस अवसर पर के.डी. शर्मा, राजपाल कौशिक, मुकेश शर्मा, दीपक गुप्ता, गणेश जयसवाल, अशोक गुप्ता आटेवाले, विनोद गुप्ता, विकास चुघ, विकास गोयल, राजीव निझावन, राजीव भसीन, चेतन त्यागी, कर्मवीर नागर, संजीव त्यागी, महेश चंद राठी, हरिओम कसाना, ललित कसाना, नरेश चौहान, डॉ. अनिल शर्मा, सुमित गोयल, संजीव खारी, दिनेश गुप्ता, अनिरूद्ध अग्रवाल, वी.के. शर्मा, मदनपाल शर्मा, हरीश गर्ग, अशोक पुंजानी, शैंकी अग्रवाल, गौरव श्रीवास्तव, प्रतीक माथुर, कपिल मावी, ब्रह्मपाल भड़ाना आदि लोग मौजूद रहे।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सभागार में रेरा प्रशिक्षण का दूसरा दिन सम्पन्न



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सभागार कक्ष में संचालित रेरा, रियल एस्टेट (रेगुलेशन एण्ड डेवलपमेंन्ट) एक्ट-2016 से सम्बन्धित प्रशिक्षण के दूसरे दिन आज दिनांक 23.05.2025 को श्री राजेश मेहतानी जी द्वारा एक्ट के प्राविधानों के तहत ओसी्सीसी के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से समझाया गया, कि टारगेट पूर्ण न होने की दशा में तीन माह के बाद भी क्यूपीआर को बढाया जा सकता है तथा टारगेट को अपडेट किया जा सकता हैं।

इसके साथ ही सुपर एरिया, कॉमन एरिया एवं कारपेट एरिया के सम्बन्ध में विस्तृत व्याख्यान देते हुये प्रशिक्षण में कॉमन एरिया एवं कारपेट एरिया के अंतर को बताया गया। कॉमन एरिया जिसमें किसी अपार्टमेंट की वाह्य दिवारों द्वारा आवंटित क्षेत्र, सर्विस सॉफ्ट के अधीन के क्षेत्रों, अन्य बालकनी या बरामदें के क्षेत्रों खुले टैरेस आदि का क्षेत्र आता है एवं कारपेट एरिया के किसी भी फ्लैट की आंतरिक दिवारों के माध्यम से तैयार क्षेत्र आता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि फ्लैट मालिक का हक उनके फ्लैट के अन्दर के हिस्से से है। कॉमन एरिया मे फ्लैट मालिक का समानुपातिक हिस्सा होते हुये भी कॉमन एरिया में किसी प्रकार का निर्माण अनुमन्य नही होगा। कॉमन एरिया पर अपार्टमेंट के लिये चयनित ए0ओ0ए0 का होगा, जिस पर ए0ओ0ए0 द्वारा आवश्यकतानुसार फ्लैट मालिकों के हितों का ध्यान रखतें हुये कॉमन एरिया का उपयोग किया जा सकेगा एवं रेरा एक्ट में सुपर एरिया का प्रावधान नही है और ना ही मान्य है।

प्रशिक्षण के समय प्राधिकरण के मुख्य अभियन्ता, समस्त अधिशासी अभियन्तागण, विशेषकार्याधिकारी, सहायक अभियन्तागण, अवर अभियन्तागण, विधि अधिकारी के साथ समस्त लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी भी उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। यह कार्यशाला दिनांक आज भी नियत स्थान व समय पर आयोजित की जायेगी।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में मंडल अध्यक्ष पंकज कुमार वाल्मीकि ने निकाली शौर्य यात्रा




**साहिबाबाद करंट क्राइम।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में खोड़ा मकनपुर मंडल अध्यक्ष पंकज कुमार वाल्मीकि के द्वारा में लोधी चौक से संघ कार्यालय तक शौर्य यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में मुख्य अतिथि योगेश त्रिपाठी रहे। महानगर उपाध्यक्ष चमन चौहान और जिला पंचायत अध्यक्ष ललित जायसवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम, महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा, महानगर कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष आशीष चौधरी, काजल त्यागी, राकेश गुप्ता और मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, सभासद संजीव गिरी, होतीलाल चौहान, जयदेव शर्मा, राजेश सिंह, संजय सिंह, अनुज कसाना, रोहित मिश्रा, मंडल महामंत्री शोभा चौधरी, रिंकू ठाकुर, रंजीत पांडे, राहुल प्रजापति, दिनेश ठाकुर, आजाद अली, अब्दुल सत्तार, देव शर्मा, दीपक गुप्ता, पूनम चौहान, देवी गिरी व खोड़ा मकनपुर मंडल में निवास करने वाले पदाधिकारी व मंडल कार्यकारिणी उपस्थित रहे।

# वार्ड 86 में पार्षद मदन राय ने पार्क में लगाया जिम, लोगों में खुशी




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर वार्ड 86 के सेक्टर-2 इलाके के 6 ब्लॉक में कस्तूरबा पार्क में पार्षद मदन राय के ओपन जिम का उद्घाटन किया। वार्ड 86 वार्ड में निगम के करीब 14 छोटे बड़े पार्क है, जिनमे सभी पार्क विकसित है। पार्षद ने नगर निगम के फंड से कस्तूरबा पार्क में ओपन जिम लगाने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि अभी ओर पार्कों में जिम लगवाने के कार्य किया जाएगा। इलाके के लोग जिम का अच्छे से प्रयोग का आग्रह किया। और प्रदेश सरकार के काम की प्रशंसा भी की। पार्षद मदन राय ने बताया कि वार्ड 86 में निगम के छोटे बड़े कुल 14 पार्क है। जो पहले काफी बदहाल थे, ज्यादातर पार्कों में शराबियों ओर जुआरियों के अड्डे बने हुए थे। पार्षद बनने के बाद पार्कों के जीर्णोद्धार का काम शुरू किया। सभी पार्कों की बदहाली को दूर किया गया है। पार्षद ने कहा कि इलाके के लोग अब यहां पर ओपन जिम में बच्चे, बूढ़े व युवा रोजाना सुबह-शाम व्यायाम कर सकते हैं। ओर लोगों में पार्षद के काम से खुश भी नजर आ रहे है। इस मौके पर वी पी दीक्षित, जे पी वर्मा, एस एम वाधवा, वी एम जैन, बी के शुक्ला, श्रीचंद मावी, कमल यादव, के पी सिंह, सहगल, नितिन, अजीत, शैंकी, नवोदित, सौरभ, राजेश आदि लोग उपस्थित रहे।

# जीडीए का बड़ा एक्शन : मोदीनगर क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में दिनांक 23.05.2025 को प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में मलकीत सिंह पुत्र सुच्चा सिंह, ब्रजेश शर्मा पुत्र ब्रम्हदत्त शर्मा व अरूण तोमर, ग्राम अबूपुर मोदीनगर के द्वारा खसरा संख्या-224, के लगभग 10.00 बीघा क्षेत्रफल में, सतीश शर्मा, केशव शर्मा व बबीता, ग्राम-काजमपुर मोदीनगर के खसरा सं0-99/1 के 10.00 बीघा क्षेत्रफल में एवं अजय कुमार, ओमवीर शर्मा व अमित गुप्ता, ग्राम-सीकरी कला, मोदीनगर गाजियाबाद के खसरा संख्या-423 व 472 पर लगभग 15.00 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से कालोनी विकसित करने के लिये सड़कों के निर्माण हेतु मिट्टी भराई व चिनाई कर अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था।

इस अवैध कॉलोनी में कॉलोनाइजरो द्वारा बनाई गई सड़क बाउंड्रीबॉल, साईट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान कॉलोनाइजर/निर्माणकताओं द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया , परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गयी कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों का क्रय, विक्रय करने पर होने वाली धनहानि एवम धोखाधड़ी के लिए क्रेता स्वम्‌जिम्मेदार होगा । ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण, समस्त सुपरवाईजर/ मेट, स्थानीय पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

# महानगर कांग्रेस कार्यालय पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उठाई आवाज

## पूरे प्रदेश में संगठन सृजन के लिए हम करेंगे काम और चलेगा अभियान




### -महिला प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार 23 मई को महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर महिला कांग्रेस ने कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें महिला प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी जी ने एडवोकेट खुशनुमा परवीन को महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया। एडवोकेट खुशनुमा परवीन ने राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका लांबा जी के आदेशानुसार महिला कांग्रेस की दो सौ सदस्यता कराई जिसके आधार पर खुशनुमा परवीन को अध्यक्ष बनाया गया। राष्ट्रीय महिला कांग्रेस नेता पूजा चड्ढा ने महिला कांग्रेस में काम कर रही सभी महिलाओं को संगठन में काम करने के लिए कहा। प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी जी ने एडवोकेट खुशनुमा परवीन जी को मनोनयन पत्र जारी करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन सृजन अभियान चल रहा है जिसमें महिला कांग्रेस को भी मजबूती से भागीदारी करनी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लम्बा जी ने पूरे देश में महिला कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया है अब गाजियाबाद में भी महिला कांग्रेस मजबूत होगी। पूर्व मंत्री सतीश शर्मा और पूर्व महानगर अध्यक्ष वी के अग्निहत्री ने कहा कि खुशनुमा परवीन के अध्यक्ष बनने से महिला कांग्रेस वार्डो में मजबूत होगी। अंत में खुशनुमा परवीन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लम्बा जी , प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी जी प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय जी और राष्ट्रीय महिला कांग्रेस नेता पूजा चड्ढा जी सहित सभी का आभार जताया और विश्वास दिलाया कि मैं गाजियाबाद में महिला कांग्रेस को मजबूत करूंगी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से निवर्तमान जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस सोनल नागर, पूर्व जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस संगीता त्यागी , सविता, सरिता सोनी, एडवोकेट सुनंदा, एडवोकेट सोनाली, एडवोकेट रिया, दीपिका, पुष्पा अंजुम, रानी, संगीता, गीता, पंकज तेजनिया, आशीष प्रेमी, विकास, बाबूराम शर्मा, सूर्यकान्त, एडवोकेट चन्दरपाल, नितिन, दिवाकर जी आदि लोग शामिल हुए।

# प्रेरणा अचीवर्स अवार्ड 2025 का हुआ आयोजन

## एनसीआर के 81 स्कूलों के 405 टॉपर्स को किया अरुण सिंह ने सम्मानित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन व शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के संयुक्त आह्वान पर शुक्रवार को प्रेरणा अचीवर्स अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन पायलट राकेश त्यागी ने बताया कि उक्त आयोजन में एनसीआर क्षेत्र के 81 स्कूलों के 405 टॉपर्स को सम्मानित किया जा रहा है। आयोजन के मुख्य अतिथि अरुण सिंह, एमपी राज्यसभा, राष्ट्रीय महासचिव भारतीय जनता पार्टी, गेस्ट ऑफ ऑनर ओम प्रकाश प्रदेश प्रमुख विभाग व प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश, सत्येंद्र सिसोदिया क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम क्षेत्र उत्तर प्रदेश व अशोक श्रीवास्तव चीप एंकर/ एडिटर डी डी न्यूज, विशिष्ट तिथि मयंक गोयल, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा विधायक व कार्यक्रम अध्यक्ष प्रोफेसर संजय दत्त कौशिक चेयरमैन एल आर पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज रहे।







### ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने शिक्षण संस्थान की प्रशंसा की

**करंट क्राइम।** ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को इस भव्य आयोजन के साक्षी बनने पर शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान पिछले अनेक वर्षों से इस तरह के आयोजन वर्ष में अनेक बार करता रहता है।

### सभी विद्यालयों को प्राथमिकता देना प्रशंसनीय कार्य : अरुण सिंह

**करंट क्राइम।** अरुण सिंह ने बताया कि जिन बच्चों को सम्मानित किया जा रहा है निकट भविष्य में इनकी महिती भूमिका है क्योंकि आने वाले युग में विज्ञान का महत्व व अन्य सभी क्षेत्रों में गुणवत्ता बहुत महत्वपूर्ण होने जा रही है। उन्होंने बताया कि आयोजकों ने सभी विद्यालयों को प्राथमिकता देते हुए उनके पांच-पांच टॉपर्स को सम्मानित कर बहुत ही प्रशंसनीय कार्य किया है।



### गणमान्य लोग उपस्थित रहे

**करंट क्राइम।** इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के संचालक प्रधानाचार्य शिक्षक व सम्मानित होने वाले छात्रों के अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की भव्यता को विद्यालय के बच्चों ने कार्यक्रम की शुरूआत में ही एक भव्य शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर ऊर्ध्वा गति प्रदान की। आयोजन में राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान कार्यकारिणी के अलावा डीएलएफ पब्लिक स्कूल के डॉक्टर डायरेक्टर मृगनैनी के मार्गदर्शन में समस्त स्टाफ ने अतिथियों की आवभगत व स्वागत किया। अंत में डीएलएफ पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य सीमा जयरथ ने सभी उपस्थित लोग का आभार जताया तथा धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पुनीत लोधी, रामेश्वर निर्माण, वी एम त्यागी, सुरेश सैनी, नीरज शर्मा, योगेंद्र सिंह, देवेंद्र यादव ललित त्यागी, मीनाक्षी पादी, राजीव त्यागी आदि शिक्षा जगत के गण मन लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन अर्चित त्यागी ने किया।



# थाना भोजपुर पुलिस टीम ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार



अभियुक्त की पहचान नौशाद, उम्र करीब 19 वर्ष के रूप में हुई है

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना भोजपुर पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में वांछित अभियुक्त को शिकायत दर्ज होने के दो दिन बाद गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान फैजान पुत्र नौशाद, निवासी ग्राम भोजपुर, थाना भोजपुर, गाजियाबाद, उम्र करीब 19 वर्ष के रूप में हुई है। उसे आज मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। फैजान 21 मई, 2025 को एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के संबंध में वांछित था, जिसमें महिला ने आरोप लगाया था कि फैजान ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसके परिवारजनों को जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर, थाना भोजपुर में तत्काल भारतीय न्याय संहिता और लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद अभियुक्त को पकड़ने के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पूछताछ के दौरान, फैजान ने कबूल किया कि पीड़िता उसकी रिश्तेदार थी और उसके घर आना-जाना था। उसने मौका पाकर पीड़िता के साथ गलत काम करने और उसके परिवारजनों को जान से मारने की धमकी देने की बात भी स्वीकार की। वर्तमान में, फैजान के खिलाफ इस घटना से संबंधित एक मामला थाना भोजपुर में पंजीकृत है। पुलिस यह जानकारी जुटा रही है कि उसका कोई अन्य आपराधिक इतिहास है या नहीं। यह गिरफ्तारी थाना भोजपुर पुलिस टीम द्वारा की गई।

# उदिता त्यागी ने मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी पर रोक को बताया निराशा जनक

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** डासना मंदिर प्रकरण में मोहम्मद जुबेर के मामले में डॉ उदिता त्यागी ने एक बयान जारी किया है। वीडिओ बयान जारी करके कहा कि उच्च न्यायालय ने उनके द्वारा दायर ऋक्फ़ को खारिज करने से इनकार करते हुए यह स्पष्ट किया है कि उनके द्वारा लगाए गए आरोपों की गहन और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

इस निर्णय के लिए वो उच्च न्यायालय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करती हैं। यह न केवल उनके विश्वास को मजबूती देता है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि न्यायिक प्रक्रिया में सत्य और धर्म की रक्षा के लिए स्थान है। डॉ. उदिता त्यागी यति नरसिंहानंद सरस्वती ट्रस्ट की महासचिव हैं। जांच में सच सामने आएगा डॉ उदिता त्यागी ने इसके लिए मां बगलामुखी और महादेव की कृपा बताते हुए आगे संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया। उनका यह भी कहना है कि यह देखकर निराशा होती है कि न्यायालय ने मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक को बढ़ा दिया है। इससे उनकी और उनके परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई हैं। क्योंकि उनके कृत्यों ने न केवल सामाजिक सौहार्द को प्रभावित किया, बल्कि सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए खतरा भी उत्पन्न किया। फिर भी वो उच्च न्यायालय के इस निर्णय का सम्मान करती हैं। और आशा करती हैं कि जांच के दौरान सत्य सामने आएगा और न्याय की जीत होगी। उन्होंने यायालय से यह भी अनुरोध किया कि इस मामले में त्वरित और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए। ताकि सनातनियों के साथ-साथ मेरे परिवार की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके। उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अब के सहयोग के लिए धन्यवाद, कि वे इस मामले में आगे भी उचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। ताकि प्रदेश को दंगे की आग में झोंकने का दोषी बच न सके।



इंसाफ की लड़ाई लड़ी जा रही आगे कहा कि मेरी प्रथम सूचना रिपोर्ट को खारिज नहीं किया और जांच को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने अपने दोनों वकील कपिल त्यागी हाईकोर्ट इलाहाबाद व आदित्य श्रीनिवासन सुप्रीम कोर्ट दिल्ली तथा अपने साथ देने वाले सोशल मीडिया के योद्धाओं जिनमें अजीत भारती ,दीपक शर्मा सहित अनेक नाम हैं और अपने साथियों का साथ दिया है।

# नकाबपोश बदमाशों ने पिस्तौल की नोक पर लूटा ज्वैलरी शोरूम

## एक बदमाश गिरफ्तार, 4.5 किग्रा चांदी के आभूषण बरामद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ट्रोनिका सिटी पुलिस ने हाल ही में हुई एक लूट की घटना में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से 500 ग्राम लूटी हुई चाँदी बरामद की है।

यह गिरफ्तारी एक ज्वैलरी की दुकान में दिनदहाड़े हुई लूट की चल रही जांच का हिस्सा है। 12 मई, 2025 को थाना ट्रोनिका सिटी में एक शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमें पूजा कॉलोनी, सोम बाजार क्षेत्र में स्थित मनीष ज्वैलर्स की दुकान में हुई लूट का विवरण दिया गया था। दोपहर लगभग 3:00 बजे, तीन नकाबपोश बदमाशों ने कथित तौर पर पिस्तौल की नोक पर लगभग 4.5 किलोग्राम वजनी चाँदी के आभूषणों के 6 डिब्बे लूट लिए थे। शिकायत के आधार पर, थाना ट्रोनिका सिटी में तत्काल धारा 309(4) बीएनएस के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई, और जांच के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया, जिसमें सीसीटीवी कैमरों और मैनुअल इनपुट का उपयोग किया गया।





21 मई, 2025 को, ट्रोनिका सिटी पुलिस ने ग्रामीण जोन की स्वाट टीम के साथ मिलकर पहले ही लूट से जुड़े चार अन्य व्यक्तियों - दीपक पाल, आमिर, रितेश और सुनील को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि, एक मुख्य संदिग्ध, आकाश उर्फ बावला फरार चल रहा था।

23 मई, 2025 को रूटीन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए, ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त आकाश उर्फ बावला पुत्र अतेश शर्मा, निवासी न्यू विकास नगर, बंथला, निकट रेलवे स्टेशन, थाना लोनी, गाजियाबाद, उम्र करीब 24 वर्ष को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। उसे घिटौरा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया, और उसके कब्जे से लूटी गई 500 ग्राम चाँदी बरामद हुई। अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# 25 मई को आयोजित होगा कोरी समाज सम्मेलन

## दोपहर 1:00 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित होगा कार्यक्रम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कोरी समाज द्वारा 25 मई 2025 को दोपहर 1:00 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, नेहरू नगर, गाजियाबाद में एक भव्य कोरी समाज सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन के आयोजन को लेकर शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया।

कोरी समाज के अध्यक्ष एडवोकेट लेखराज माहौर ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रशासन द्वारा कोरी/कोली/जुलाहा समाज के जाति प्रमाण पत्र न बनायें जाने की मांग को प्रमुखता से उठाना है। इसके अतिरिक्त समाज के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों को लेकर भी चर्चा की जाएगी।



प्रेस वार्ता में उपस्थित भाजपा के प्रदेश संयोजक अजय शर्मा ने कहा कि समाज को संगठित होकर अपनी बात सरकार तक पहुँचानी चाहिए, यह सम्मेलन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार होंगे। विशिष्ठ अतिथि होंगे सुनील शर्मा, कैबिनेट मंत्री। असीम अरुण, समाज कल्याण मंत्री। नरेन्द्र कश्यप पिछडा वर्ग कल्याण मंत्री। समाज के सम्मानित जनप्रतिनिधियों में सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, विधायक संजीव शर्मा, अजीत पाल सिंह, मंजू सिवाच, नन्द किशोर गुर्जर। भाजपा जिलाध्यक्ष चैन पाल सिंह, प्रदेश संयोजक अजय शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी सम्मेलन में रहेगी।

प्रेस वार्ता के दौरान आयोजक मंडल के अध्यक्ष लेखराज माहौर एडवोकेट, उपाध्यक्ष चम्मा माहौर, कृपाल सिंह पूर्व, किशन सिंह माहौर, व सुरेश कोरी, महामंत्री धनपाल सिंह कोरी व कोषाध्यक्ष लेखराज तंतवार व मंत्री राकेश कोरी , विजय माहौर, मीडिया समन्वयक प्रदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

# वाहन चोरी करने वाले गैंग का पुलिस ने किया भंडाफोड़

## 4 शातिर चोरों को दबोचा, सात मोटरसाइकिलें और एक स्कूटी बरामद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नंदग्राम पुलिस टीम ने वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से सात मोटरसाइकिलें और एक स्कूटी समेत कुल आठ चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। यह महत्वपूर्ण सफलता 25 मार्च, 2025 को स्कूटी चोरी की शिकायत के बाद हुई जांच के परिणामस्वरूप मिली है। 25 मार्च, 2025 को, सादिक की पुलिया, कोतवाली, गाजियाबाद निवासी वादी उवैश कुरैशी पुत्र शाहीद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी स्कूटी राजनगर एक्सटेंशन से किसी अज्ञात चोर द्वारा चुरा ली गई है। सूचना मिलने पर, नंदग्राम थाने में तत्काल प्राथमिकी दर्ज की गई। घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए, थाना स्तर पर टीमों का गठन किया गया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और स्थानीय जानकारी की मदद से, 23 मई, 2025 को मुखबिर की सूचना पर मछली गोदाम के पास चेकिंग के दौरान चार अभियुक्तों को चोरी की सात मोटरसाइकिलें और एक स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



# अभियान के तहत लगाए जा रहे हैं 'एक पेड़ मां के नाम'

## योजना का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और पेड़ लगाने एवं संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' 21 से 23 मई 2025 के अभियान में डूडा विभाग की ओर से अधिकारी / कर्मचारी अपनी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ नगर निगम/नगर पालिका के अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा चिन्हित पार्क / एस०टी०पी० आदि में भ्रमण किया जा रहा है। इस कार्यकम में महिलाओं द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है और अधिकारियों के साथ पार्कों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य लोगों को पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें पेड़ लगाने और संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करना है। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि लोगों को भी पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सकेगा। यह अभियान निरन्तर चलता रहेगा। इस कार्यक्रम के अर्न्तगत डे-एनयूएलएम एवं अमृत 2.0 के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत नगर निगम गाजियाबाद, नगर पालिका परिषद लोनी / मोदीनगर व मुरादनगर के वाटर बॉडिज पार्कों डब्ल्यू०टी०पी०, एस०टी०पी० एवं एफ०एस०टी०पी० में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 21-23 मई के मध्य वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु भ्रमण चलता रहेगा।



# तीन अवैध यूनिपोल हटाए, इटैड़ा पेट्रोल पंप और शाहबेरी से की गई कार्रवाई

## पहले 50 से ज्यादा हटाए जा चुके



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अवैध यूनिपोल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन यूनिपोल को हटा दिया है। प्राधिकरण के अर्बन सर्विस विभाग ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के इटैड़ा पेट्रोल पंप के पास से दो और शाहबेरी से एक यूनिपोल को हटाया है।

प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान ने जानकारी दी कि एसीईओ प्रेरणा सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि हटाए गए यूनिपोल को जब्त कर लिया गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्राधिकरण यूनिपोल लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया का पालन करता है। इसके बावजूद कुछ लोग बिना अनुमति के यूनिपोल लगा देते हैं। इससे पहले भी प्राधिकरण 50 से अधिक अवैध यूनिपोल हटा चुका है। प्राधिकरण अब अवैध यूनिपोल लगाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी करेगा।

# किसान यूनियन ने तहसील में दी आंदोलन की चेतावनी

## 6 मांगों का ज्ञापन सौंपा, एसडीएम ने जल्द समाधान का दिया आश्वासन



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के नेतृत्व में शुक्रवार को तहसील परिसर में बैठक हुई। किसान नेताओं ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को 6 मांगों का ज्ञापन सौंपा। उपजिलाधिकारी ने सभी मांगों पर विचार कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

जिलाध्यक्ष श्यामवीर नागर ने कहा कि अगर मांगों का जल्द समाधान नहीं हुआ तो तहसील परिसर में आंदोलन किया जाएगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बॉबी नागर और मेरठ मंडल महासचिव रविंद्र नागर मौजूद थे। इसके अलावा जिला मीडिया प्रभारी सुमित नागर, तहसील अध्यक्ष वेदपाल शर्मा और युवा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह भी शामिल हुए। ओमप्रकाश, जगत सिंह, धीरज प्रमुख, लीले, जयकिशन, गजराज, हरिंद्र नागर, रोहित नागर, रोहतास नागर, पंकज और सहदेव मोहन पंडित समेत कई कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

# जेपी इंफ्राटेक पर ईडी की रेड, 12 हजार करोड़ की धोखाधड़ी मामले में सर्चिंग, 15 ठिकानों पर पहुंची टीम

**नोएडा (करंट क्राइम)।** प्रवर्तन निदेशालय ने जेपी इंफ्राटेक से जुड़े प्रोजेक्ट पर रेड की है। 12 हजार करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में सर्चिंग चल रही है। इसमें होमबायर्स और निवेशकों के साथ धोखा और फंड्स की हेराफेरी का आरोप है। एऊदिल्ली-एनसीआर और मुंबई में स्थित जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड और उनसे जुड़ी अन्य कंपनियों जैसे गौरसंस, गुलशन, महागुन और सुरक्षा रियल्टी के 15 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर रही है।

ईडी को शक है कि बड़ी मात्रा में फंड्स को डायवर्ट कर मनी लान्ड्रिंग की गई है। यह कार्रवाई उन हजारों होमबायर्स के लिए उम्मीद है, जो सालों से अपने घर का इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में एऊने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण से जेपी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट से संबंधित फाइल मांगी थी। जिसमें बड़ी अनियमितता की बात सामने आ रही है। ऐसे में सेक्टर-128 से सेक्टर-132 तक के सभी प्रोजेक्ट जो जेपी इंफ्राटेक में आते है, यहां रेड जारी है।



### 17 हजार बायर्स को नहीं मिला फ्लैट

बता दे हाल ही में सीबीआई ने सबवेंशन स्कीम के तहत नोएडा प्राधिकरण से 9 बिल्डरों की जानकारी मांगी थी। इसी तरह यमुना और ग्रेटरनोएडा विकास प्राधिकरण से भी जानकारी मांगी थी। इस तरह से कुल 26 बिल्डरों की जानकारी ली गई है। वहीं ईडी भी लगातार बिल्डरों की जानकारी मांग रही है। जिसके जरिए ही वो इन बिल्डर साइटों पर रेड कर र ही है। इन दस्तावेजों के आधार पर रेड एऊप्रोजेक्ट से संबंधित स्वीकृत पत्र, ले आउट प्लान, बकाया, रजिस्ट्री के अलावा इनके को डेवलपर्स की जानकारी के आधार पर रेड कर रही है। बिल्डर बायर्स और बैंक एग्रीमेंट के दस्तावेज भी खंगाले जा रहे है। बताया गया कि लोन के लिए लगाए गए अधिकांश दस्तावेज साठगांठ करके तैयार किए गए।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में संगीत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## पं. अभय रुस्तम सोपोरी ने दी सुरमयी प्रस्तुति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 22 मई 2025 नेहरू वर्ल्ड स्कूल में स्पिक मैके के सहयोग से एक विशेष संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रख्यात संतूर वादक पं. अभय रुस्तम सोपोरी ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान नेहरू वर्ल्ड स्कूल की कार्यकारी प्रमुख सुजन होम्स और निदेशक प्रशासन के० पी० सिंह ने उपहार व पुष्प देकर किया। पं. सोपोरी का यह प्रदर्शन न केवल संगीत बल्कि एक शिक्षाप्रद अनुभव भी रहा। उनका संतूर की मधुर धुनों ने कक्षा 10 से 12 के छात्रों को एक घंटे से भी अधिक समय तक मंत्रमुग्ध रखा। उन्होंने छात्रों को संगीत का व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए अपने वादन को अत्यंत संवादात्मक रखा, जिससे बच्चे भी इस अनुभव का हिस्सा बन सके। छात्रों के सवालों का उत्तर देते हुए पं. प्रसन्ना ने हर जानकारी को सरल और रोचक बना दिया, जिससे छात्रों में शास्त्रीय संगीत के प्रति न केवल रुचि बल्कि एक नई समझ भी विकसित हुई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे सीनियर स्कूल प्रिंसिपल मंजुला सिंह ने प्रस्तुत किया। स्कूल ने इस अद्भुत आयोजन के लिए गाज़ियाबाद की सिटी कोऑर्डिनेटर आभा बंसल को भी धन्यवाद दिया, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका।







## न्यूज डायरी

### पनामा और वेनेजुएला के बीच एक साल बाद फिर शुरू होंगी उड़ानें

**पनामा।** पनामा और वेनेजुएला के बीच लगभग एक साल से बंद पड़ी वाणिज्यिक उड़ानें फिर से शुरू होने जा रही हैं। पनामा की सिविल एविएशन अथॉरिटी ने इस बात की पुष्टि की है। दोनों देशों के बीच जुलाई 2024 में राजनयिक तनाव के चलते संबंध टूट गए थे, जब पनामा के राष्ट्रपति ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के पुन: चुनाव को मान्यता देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद वेनेजुएला ने अपनी राजनयिक टीम को पनामा से वापस बुला लिया था। अब संबंधों में सुधार के संकेत के तौर पर उड़ानों की बहाली एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

### अफ्रीका में पहली बार वैश्विक लघु व्यवसाय मंत्रिस्तरीय बैठक

**दक्षिण अफ्रीका।** दक्षिण अफ्रीका इस साल पहली बार वैश्विक एसएमई मंत्रिस्तरीय बैठक की मेजबानी करेगा। मेजबानी अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र (आईटीसी) के साथ साझेदारी में होगी। बता दें कि अफ्रीका जी-20 की अध्यक्षता भी करने वाला है। एसएमई मंत्रिस्तरीय बैठक जी-20 के दौरान अफ्रीका में की गई पहलों की श्रृंखला का हिस्सा होगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले लाखों छोटे व्यवसायों के प्रति समर्पित विश्व भर के मंत्रियों के इस बैठक में भाग लेने की उम्मीद है। प्रस्तावित कार्यक्रम के मुताबिक यह बैठक 22 से 24 जुलाई तक जोहान्सबर्ग में आयोजित की जाएगी।

### ट्रंप प्रशासन ने प्रवासी बच्चों की सुरक्षा खत्म करने की कोशिश की

**वाशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन ने 'फ्लोरेस सेटलमेंट' खत्म करने की मांग करते हुए अदालत में याचिका दायर की है। यह समझौता 1990 के दशक से अमेरिका में पकड़े गए प्रवासी बच्चों को सुरक्षित और साफ-सुथरे माहौल में रखने की गारंटी देता है और 72 घंटे से ज्यादा हिरासत में रखने से रोकता है। यह दूसरी बार है जब ट्रंप सरकार ने इसे खत्म करने की कोशिश की है, पिछली बार 2020 में कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था। इस समझौते के तहत अदालत द्वारा नियुक्त मॉनिटर निरीक्षण करते हैं। 300 बच्चों को खराब हालात में पाए जाने पर टेक्सास के एक केंद्र से हटाया गया था।

### बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय में नौकरशाह बदले

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने विदेश मंत्रालय के शीर्ष नौकरशाह को बदल दिया है। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने बृहस्पतिवार को बड़ा बदलाव करते हुए एक वरिष्ठ राजनयिक को अस्थायी रूप से नियमित कर्तव्यों का निर्वहन करने की जिम्मेदारी सौंपी। सरकार की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक विदेश सचिव जशीम उद्दीन ने अपनी जिम्मेदारियों से इस्तीफा दे दिया है। अब अगले आदेश तक एम रूहुल आलम सिद्दीकी विदेश सचिव के नियमित कार्यों का निर्वहन करेंगे।

### नेपाल में आया भूकंप, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.3

**काठमांडू।** नेपाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए। गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात करीब 1.33 बजे आए भूकंप के संबंध में राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गई। फिलहाल जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### अमेरिका में तीन हत्याओं के दोषी को दी गई मौत की सजा

**टेनेसी।** टेनेसी राज्य में ऑस्कर स्मिथ को 1989 में अपनी पत्नी और दो सौतेले बेटों की हत्या के मामले में मौत की सजा दी गई। 75 वर्षीय स्मिथ को गुरुवार सुबह इंजेक्शन के जरिए फांसी दी गई। उन्होंने मरते वक्त खुद को निर्दोष बताया और कहा, 'मैंने उन्हें नहीं मारा।' उन्होंने यह भी कहा कि न्याय व्यवस्था ठीक से काम नहीं करती। हालांकि, अदालत ने उनके खिलाफ सबूतों को ठोस माना था। 2022 में फांसी टाल दी गई थी क्योंकि जहरीले इंजेक्शन की जांच अधूरी थी। नई फांसी नीति भी विवादों में है और इस पर एक मुकदमा जनवरी 2026 में सुना जाएगा।

### सीआईए भवन के बाहर व्यक्ति को मारी गोली

**वर्जीनिया।** वर्जीनिया के लैंगली में सीआईए मुख्यालय भवन के बाहर बृहस्पतिवार को सुरक्षा कर्मियों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। माडिया रिपोर्ट के मुताबिक फेयरफैक्स पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि यह घटना सुबह 4 बजे के आसपास हुई। वहीं, खुफिया एजेंसी ने कहा कि गोलीबारी की यह घटना इस्राइली दूतावास के दो कर्मचारियों की हत्या के दो दिन बाद हुई, लेकिन ये घटनाएं आपस में जुड़ी नहीं हैं, दोनों घटनाएं अलग-अलग हैं।

### बल प्रयोग, धमकी से कोई पाक को मजबूर नहीं कर सकता : मुनीर

**इस्लामाबाद।** भारत के साथ हाल के संघर्ष के बाद बृहस्पतिवार को पहली बैठक में पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने कहा कि कोई भी पाकिस्तान को बल प्रयोग या धमकी के जरिये मजबूर नहीं कर सकता। सैन्य मुख्यालय में 270वें कोर कमांडरों के सम्मेलन के दौरान मुनीर ने कहा कि उनका देश अपने महत्वपूर्ण हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी उपाय करने में सक्षम है।

### पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में 24 घंटों में एक माह की वर्षा

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर रिकॉर्ड बाढ़ के पानी में तीन लोगों की मौत हो गई और एक लापता है। अभी क्षेत्र में और भारी बारिश का पूवार्नुमान है। मंगलवार से ही इस क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है। आपातकालीन सेवा मंत्री जिहाद दीब ने कहा, 24 घंटों में एक माह की बारिश हुई है। छतों-में फंसे लोगों के लिए हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल किया गया है।

### चीन ने कहा- राष्ट्रीय सुरक्षा पर श्वेत पत्र में कहा भारत से सभी मुद्दे सुलझेंगे; भारत व भूटान से सीमा वार्ता सार्थक दिशा में

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक नए श्वेत पत्र में कहा गया है कि भारत और भूटान के साथ सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए वार्ता सर्थक दिशा में आगे बढ़ रही है। मंदारिन भाषा में जारी 23 पेज के श्वेत पत्र में देश और इसकी एकदलीय राजनीतिक प्रणाली के समक्ष मौजूद आंतरिक और बाहरी खतरों का भी जिक्र किया गया है। ह्यनए युग में चीन की राष्ट्रीय सुरक्षाह्व शीर्षक वाले श्वेत पत्र में कहा गया है कि चीन ने अपने 14 में से 12 पड़ोसी देशों के साथ सीमा संबंधी मुद्दों को सुलझा लिया है तथा सीमा विवादों को सुलझाने के लिए भारत और भूटान के साथ बातचीत जारी है। खासतौर पर भारत से सभी मुद्दे सुलझाए जाएंगे। इसमें कहा गया है कि बीजिंग ने चीन और वियतनाम के बीच बेइबू खाड़ी के जल क्षेत्र का सीमांकन पूरा कर लिया है। नौ पड़ोसी देशों के साथ सीमा रक्षा सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और 12 देशों के साथ सीमा रक्षा वार्ता तथा बैठक तंत्र स्थापित किए हैं। साथ ही नियमित रूप से मैत्रीपूर्ण दौरे, कार्य वार्ता, संयुक्त गश्त और संयुक्त सीमापार अपराध अभ्यास किए हैं।

### कोस्टा रिका पुलिस ने पांच कैपीबार्स और ड्रग्स जब्त की

**कोस्टा रिका।** कोस्टा रिका पुलिस ने एक गाड़ी से पांच कैपीबार्स, कोकीन और मारीजुआना जब्त की है। पुलिस ने हाइवे पर एक गाड़ी का पीछा कर इन्हें जब्त किया। कैपीबार्स अर्ध-जलीय इलाकों में रहने वाले जानवर हैं, लेकिन ये कोस्टा रिका में नहीं पाए जाए। ऐसे में कोस्टा रिका में इन जानवरों को लाना-ले जाना अवैध है और इनकी तस्करी कानूनन अपराध है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कैपीबार्स कोस्टा रिका में नहीं पाए जाते हैं, ऐसे में इन जानवरों को पर्यावरण संरक्षण केंद्रों पर रखा जा सकता है।

अमेरिका ने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का फिर लिया श्रेय

अमेरिका ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने की कोशिश की है। अमेरिका विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि भारत और पाकिस्तान युद्ध के कगार पर थे, उत्साहजनक बात ये है कि अमेरिका की मदद से संघर्ष विराम हुआ, जो अभी तक जारी है। हालांकि जैसा की दुनिया ने देखा है कि एक मुद्दा है, जो हल नहीं हुआ है, लेकिन इसके हल होने की संभावना बढ़ गई है।

### चालीस मिनट की देरी मॉस्को पहुंचा विमान

भारतीय सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल सहित अन्य यात्रियों को लेकर जा रहा एक विमान करीब 40 मिनट की देरी से मॉस्को पहुंचा। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि रातभर हुए ड्रोन हमलों के मद्देनजर मॉस्को के हवाई अड्डों को कुछ देर के लिए बंद कर दिया गया था, जिसके चलते विमान देरी से उतरा। रूसी अधिकारियों ने कहा कि अस्थायी उड़ान प्रतिबंधों के कारण 153 उड़ानें प्रभावित हुईं। यूक्रेन ने रूस की राजधानी पर बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए, जिसके चलते यहां स्थित सभी हवाई अड्डों को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा। उन्होंने कहा कि कुछ उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों की तरफ मोड़ दिया गया। हालांकि, रूसी अधिकारियों ने उड़ानों में देरी की वजहों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया है।

## जर्मन चांसलर से मिले विदेश मंत्री एस जयशंकर
## बोले- भारत रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए उत्सुक

**जर्मन।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्च ने से कहा कि भारत द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और उसका विस्तार करने के लिए जर्मनी की सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है। जयशंकर नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी के दौरे के अंतिम पड़ाव में बर्लिन में हैं।



जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज बर्लिन में चांसल फ्रेडरिक मर्ज से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा है। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। उनकी सरकार में हमारी रणनीतिक साझेदारी के आगे बढ़ने और विस्तार होने की उम्मीद है। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में जर्मनी की ओर से एकजुटता की सराहना करता है।

उन्होने जर्मनी की अर्थव्यवस्था और उर्जा मंत्री कैथरीना रीचे से भी मुलाकात की। जयशंकर ने कहा, हमने प्रतिभाओं के आदान-प्रदान, औद्योगिकी साझेदारी और मिलकर काम करने के तरीकों पर चर्चा की, ताकि आपूर्ति श्रृंखलाओं को और ज्यादा मजबूत बनाया जा सके। जयशंकर ने कहा, हमने आतंकवाद से मुकाबले सहित प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा किए। एक अनिश्चित दुनिया में हमारी बढ़ती साझेदारी स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। हम संबंधों को मजबूत करने और भरोसे को बढ़ाने के लिए भी मिलकर काम करेंगे। जयशंकर ने कहा कि उनकी जर्मनी के सांसदों के साथ भी अच्छी बातचीत हुई और भारत-जर्मनी संबंधों के निरंतर विकास के लिए उनके मजबूत समर्थन की सराहना की। विदेश मंत्री ने कहा, हमने आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ाई में भारत की प्रतिबद्धता पर भी चर्चा की।

**जयशंकर ने कहा, हमने प्रतिभाओं के आदान-प्रदान, औद्योगिकी साझेदारी और मिलकर काम करने के तरीकों पर चर्चा की, ताकि आपूर्ति श्रृंखलाओं को और ज्यादा मजबूत बनाया जा सके।**

## यूक्रेनी ड्रोन हमले के बीच मॉस्को में हवाई अड्डे बंद, आसमान में घूमता रहा भारतीय सांसदों का विमान



**- लगातार तीन रातों से यूक्रेन ने रूसी क्षेत्र में ड्रोन हमले जारी रखे हैं। 20 मई की शाम से 22 मई की सुबह के बीच रूस ने अपने क्षेत्र में 485 ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है।**

**मास्को।** रूस में यूक्रेन के ड्रोन हमलों के बीच मॉस्को के हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया है। इस दौरान डीएमके नेता कनिमोझी के नेतृत्व में भारतीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को लेकर पहुंचे विमान को लैंडिंग से पहले काफी मशक्कत करनी पड़ी। रूसी अधिकारियों और सरकारी मीडिया ने बताया कि रात भर यूक्रेनी ड्रोन हमलों के कारण मॉस्को में हवाई अड्डों को बंद करने का फैसला किया गया है। मॉस्को के वनुकोवो, डोमोडेडोवो और जुकोवस्की हवाई अड्डों पर परिचालन निलंबित कर दिया गया है।

इस दौरान भारतीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को लेकर एक विमान मॉस्को पहुंचा। ड्रोन हमले के कारण विमान को कुछ देर तक आसमान में चक्कर लगाना पड़ा, लेकिन बाद में विमान सुरक्षित उतर गया। कनिमोझी के करीबी सूत्रों ने बताया कि विमान को बीच हवा में चक्कर लगाना पड़ा। यह हवा में चक्कर लगाता रहा और बाद में उतरा और इसमें 45 मिनट की देरी हुई। कनिमोझी सुरक्षित उतर गईं।

### सांसदों का प्रतिनिधि मंडल मॉस्को पहुंचा

कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व में सांसदों का एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल गुरुवार रात को पांच देशों की यात्रा के पहले चरण में मॉस्को पहुंचा। यात्रा का मकसद पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को जागरूक करना है। डोमोडेडोवो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करुणानिधि और उनकी टीम के सदस्यों का भारतीय राजदूत विनय कुमार और अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया।

### किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के मुताबिक, रूसी वायु रक्षा ने कथित तौर पर छह ड्रोन को मार गिराए हैं, जो मॉस्को की ओर उड़ रहे थे। स्थानीय समयानुसार सुबह 2:41 बजे सोबयानिन ने बताया कि कथित तौर पर तीन और ड्रोन को मार गिराया गया है। आपातकालीन सेवाएं मौके पर काम कर रही हैं। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### 485 ड्रोन को मार गिराने का दावा

लगातार तीन रातों से यूक्रेन ने रूसी क्षेत्र में ड्रोन हमले जारी रखे हैं। 20 मई की शाम से 22 मई की सुबह के बीच रूस ने अपने क्षेत्र में 485 ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। रूस में हवाई यात्रा को बाधित करने के लिए यूक्रेनी ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। बताया गया कि यूक्रेन ने सैकड़ों ड्रोन लॉन्च किए, जिसके कारण 1 जनवरी से रूस भर में कम से कम 217 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है।

## 'हम तुम्हारी सांसें रोक देंगे', पाकिस्तानी सेना के अधिकारी ने उगला जहर; बोली आतंकी हाफिज सईद की भाषा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना पर आतंकी संगठनों को पालने-पोसने के आरोप लगते रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भारत के खिलाफ जहर उगलते और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद की भाषा बोलते नजर आ रहे हैं। वीडियो पाकिस्तानी सेना के एक शीर्ष अधिकारी का है, जो एक इवेंट के दौरान वही भाषा और शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं, जो पूर्व में आतंकी हाफिज सईद कर चुका है। ऐसा लगता है कि स्क्रिप्ट एक ही है, बस बोलने वाले अलग हैं।



वीडियो पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी का है, जो पाकिस्तान की यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा कि 'अगर आप हमारा पानी रोकेंगे तो हम आपकी सांसें रोक देंगे।' इस बयान को भारत के सिंधु जल समझौते को स्थगित करने से जोड़कर देखा जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने यह सख्त कदम उठाया था। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी का यह बयान बिल्कुल आतंकी हाफिज सईद के पुराने बयान जैसा है, जिसने कहा था कि 'अगर तुम पानी रोकेंगे तो इंशाअल्लाह, हम आपकी सांसें रोक देंगे और फिर इन नदियों में खून बहेगा।' सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सेना के अधिकारी और आतंकी की भाषा में इतनी समानता पर सवाल उठाए हैं।

### सिंधु जल समझौता स्थगित होने से तिलमिलाया पाकिस्तान

भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि पर 19 सितंबर 1960 को कराची में हस्ताक्षर हुए थे। समझौता सिंधु नदी और इसकी सहायक नदियों के पानी के इस्तेमाल को लेकर हुआ था। विश्व बैंक की तरफ से पहल के बाद समझौते करने के लिए भारत-पाकिस्तान के बीच अलग-अलग स्तर पर 9 साल तक बात चली थी। भारत की तरफ से प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान की तरफ से राष्ट्रपति मोहम्मद अयूब खान ने संधि पर हस्ताक्षर किए थे। सिंधु जल समझौते पर रोक लगाए जाने के बाद पाकिस्तान में जल संकट की स्थिति पैदा हो सकती है। पाकिस्तान की 80 फीसदी खेती योग्य भूमि (16 मिलियन हेक्टेयर) सिंधु नदी प्रणाली के पानी पर निर्भर है। पानी रोके जाने के बाद अन्न संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। सिंधु और उसकी सहायक नदियों पर पाकिस्तान के प्रमुख शहर कराची, लाहौर, मुल्तान निर्भर हैं। पाकिस्तान के तरबेला और मंगला जैसे पॉवर प्रोजेक्ट इस नदी पर निर्भर करते हैं, अगर पानी रोका जाता है, तो पाकिस्तान में ऊर्जा संकट खड़ा हो जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ की तबाही, चार की मौत 50 हजार से ज्यादा लोग हुए विस्थापित

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तटीय इलाकों में भारी बारिश के चलते बाढ़ और तबाही का मंजर है। इस बाढ़ में चार लोगों की मौत हो गई है और एक व्यक्ति लापता है। गनीमत है कि अब बादल छंट गए हैं और मौसम साफ है, जिससे राहत और बचाव कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। बाढ़ और बारिश के चलते 50 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। पूर्वी तटीय इलाकों में कम दाब का क्षेत्र बनने पर भारी बारिश हुई थी और अब यह कम दाब का क्षेत्र सिडनी की तरफ चला गया है।



### राहत और बचाव दलों को मिल रही तारीफ

बुधवार से न्यू साउथ वेल्स में बाढ़ के पानी से चार शव निकाले गए हैं। तीन लोग वाहन चलाते समय बाढ़ के पानी में बह गए थे, जबकि एक व्यक्ति का शव उसके घर के बरामदे में मिला था। बुधवार रात बाढ़ग्रस्त इलाके में घूमने के दौरान एक 49 वर्षीय व्यक्ति लापता हो गया, जिसकी अभी भी तलाश जारी है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर क्रिस्टोफर मिन्स ने शुक्रवार को बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा किया। मिन्स ने राहत और बचाव कार्यों में लगे लोगों की जमकर तारीफ की और कहा कि आपातकालीन सेवाओं और स्वयंसेवकों ने 678 लोगों को बचाया। मिन्स ने कहा कि अगर स्वयंसेवक न होते तो मृतकों का आंकड़ा सैंकड़ों में होता। मौसम साफ होने के बावजूद बाढ़ ग्रस्त इलाकों की लगातार निगरानी की जा रही है। बाढ़ के चलते कई सड़कें और पुल तबाह हो चुके हैं।

## युद्धक जहाज की असफल लॉन्चिंग से नाराज किम जोंग उन, जिम्मेदारों को अब झेलना होगा तानाशाह का कोप

**उत्तर कोरिया।** उत्तर कोरिया की सरकार ने शुक्रवार को बताया कि उन्होंने युद्धक जहाज की असफल लॉन्चिंग के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जांच और उनकी गिरफ्तारी शुरू कर दी है। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने जहाज की असफल लॉन्चिंग पर नाराजगी जताई थी और उन्होंने हादसे की वजह गंभीर लापरवाही को बताया था।

उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने बताया कि 5,000 टन वजनी नौसेना का युद्धपोत बुधवार को चोंगजिन के पूर्वोत्तर बंदरगाह पर लॉन्च समारोह के दौरान हादसे का शिकार हो गया था। दरअसल युद्धक जहाज इसके पिछले हिस्से पर लगे ट्रांसपोर्ट क्रैडल के अलग हो जाने से क्षतिग्रस्त हो गया। सैटेलाइट तस्वीरों में जहाज पानी में एक तरफ पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है, जिसका ज्यादातर हिस्सा पानी में डूबा हुआ है और उस पर नीले रंग के कवर लगे हुए हैं।



### 'हादसा माफी लायक नहीं'

उत्तर कोरिया की सेंट्रल मिलिट्री कमेटी ने चोंगजिन शिपयार्ड के मैनेजर होंग किल हो को समन जारी कर पेश होने का निर्देश दिया है। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया के अनुसार, भले ही जहाज को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन इस हादसे की माफी नहीं है और यह एक अपराध है। इसके जिम्मेदार लोग इससे बच नहीं पाएंगे। हादसे के समय किम जोंग उन भी मौजूद थे और उन्होंने हादसे पर कड़ी नाराजगी जताई थी।

### 10 दिन में रिपेयर हो सकता है युद्धक जहाज

शुक्रवार को उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने बताया कि हादसे में जहाज को बहुत ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है और यह 10 दिनों में रिपेयर हो सकता है। जहाज के एक तरफ थोड़ी खरोंच आई है और जहाज के कई सेक्शन में समुद्र का पानी भर गया है। हालांकि अभी पूरे नुकसान की जानकारी नहीं दी गई है। उत्तर कोरिया से बहुत ज्यादा जानकारी बाहर नहीं जा पाती। खासकर सैन्य संबंधी मामलों को भी काफी गुप्त रखा जाता है। उत्तर कोरिया अपनी नौसैन्य ताकत को बढ़ाना चाहता है और यह युद्धक जहाज की असफल लॉन्चिंग भी उसी योजना का हिस्सा थी।

## गाजा में आईडीएफ लगातार बरपा रही कहर; रात भर हुए हमलों में 23 की मौत, नहीं पहुंच पा रही राहत सामग्री

**इस्राइल।** इस्राइल की तरफ से गाजा पट्टी में हवाई हमला लगातार जारी है। इस बीच, आईडीएफ ने खान यूनिस, डेर अल-बलाह और जबालिया में गुरुवार रातभर ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में कम से कम 23 लोग मारे गए। सेंट्रल गाजा के नासिर, अल-अक्सा और अल-अहली अस्पतालों ने इस बारे में जानकारी दी।



### डेर अल-बलाह में चार, खान यूनिस में 10 और जबालिया शरणार्थी शिविर में नौ लोगों की मौत

जानकारी के मुताबिक, दक्षिणी शहर खान यूनिस में हमलों में दस लोग मारे गए। वहीं, केंद्रीय शहर डेर अल-बलाह में चार और उत्तर में जबालिया शरणार्थी शिविर में नौ लोगों की मौत इस्राइली हमलों में हुई। इस्राइल की ओर से यह सैन्य कार्रवाई ऐसे समय में तेज हुई है, जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ रहा है।

गाजा में दिन-प्रतिदिन हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि गाजा के 2 मिलियन निवासियों में से ज्यादातर के सामने अकाल जैसी स्थिति है। वैश्विक स्तर पर इस्राइली नाकेबंदी की आलोचना की जा रही है। यहां तक कि संयुक्त राज्य अमेरिका जो कि इस्राइल का अनन्य सहयोगी है उसने भी भुखमरी पर चिंता व्यक्त की है। हालांकि तीन महीने की नाकेबंदी के बाद अब इस्राइल ने दबाव में आकर कुछ राहत सामग्री गाजा भेजने की इजाजत तो दी है, लेकिन वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। वहीं, इस्राइली अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि उन्होंने 100 से अधिक ट्रकों के जरिए सहायता को आने दिया है। इसमें आटा, भोजन, चिकित्सा उपकरण और दवाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये ट्रक केरेम शालोम क्रॉसिंग के जरिए गाजा पट्टी में जरूरतमंदों तक पहुंचाए गए हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों का कहना है कि यह राशि बहुत कम है, जबकि हाल ही में युद्ध विराम के दौरान प्रतिदिन लगभग 600 ट्रक सहायता के रूप में भेजे जा रहे थे। यह बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए जरूरी है।

इससे पहले मंगलवार को ब्रिटेन ने इस्राइल के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर चल रही वार्ता को रोक दिया। यही नहीं, उसने वेस्ट बैंक में बसी अवैध यहूदी बस्तियों पर प्रतिबंध भी लगाए। यह कदम इस्राइल की सैन्य कार्रवाई के विरोध में उठाए गए। इससे पहले कनाडा और फ्रांस ने भी युद्ध को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान किया और इस्राइल की सैन्य कार्रवाई की आलोचना की।

इस्राइल का कहना है कि वह तब तक युद्ध रोकने के लिए तैयार नहीं है, जब तक हमास की ओर से बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा नहीं किया जाता और जब तक हमास को खत्म नहीं कर दिया जाता।

### इस्राइल पर अंतरराष्ट्रीय दबाव

बता दें कि, ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने इस्राइल के ऑपरेशन गिदोन चैरियट के तहत गाजा में विस्तारित सैन्य अभियानों की निंदा की है। यूरोपीय नेताओं ने गाजा में इस्राइल के प्रतिबंधों और पश्चिमी तट में बस्तियों के विस्तार की आलोचना की और धमकी दी कि अगर इस्राइल ने अपना आक्रमण नहीं रोका तो प्रतिबंधों समेत अन्य कार्रवाई की जाएगी।

# यूपीएससी परीक्षा 2025 को लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में प्रशिक्षण शिविर आयोजित

## परीक्षा का समय सुबह 9:30 से 11:30 व द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2:30 से 4:30 बजे तक होगी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यूपीएससी सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2025, 25 मई 2025 को देश भर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली है। यूपीएससी ने इस परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड और कुछ दिशानिर्देश भी जारी कर दिए हैं जिनका सख्ती से पालन करना होगा। जिसके सम्बंध में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह की अध्यक्षता में डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम सभागार, जीजीआईसी विजयनगर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

### 25 मई को देश भर के विभिन्न केंद्रों पर होंगी परीक्षाएं



### यूपीएससी आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करें : अपर जिलाधिकारी रणविजय सिंह

**करंट क्रइम।** प्रशिक्षण के दौरान बताया कि जिला गाजियाबाद में इस परीक्षा हेतु 51 सेन्टर है, जिनमें परीक्षा के दौरान निगरानी हेतु 3 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 07 जोनल मजिस्ट्रेट, 18 सैक्टर मजिस्ट्रेट, 51 एलआईओ सहित सुरक्षा की दृष्टि से महिला/पुरूष पुलिस कर्मी रहेंगे, इसके साथ ही सुरक्षा हेतु अन्य पुलिस अधिकारी भी रहेंगे। बताया कि परीक्षा दो पालियों में होगी जो कि दो–दो घण्टों की होंगी, प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 09:30 से 11:30 व द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02:30 बजे से 04:30 बजे तक होगी। अपर जिलाधिकारी रणविजय सिंह ने कहा कि यूपीएससी आयोग के दिशा–निर्देशों का अक्षरश: पालन करें।

### हवा, पानी एवं प्रकाश व्यवस्था का रखें विशेष ध्यान

**करंट क्रइम।** बताया कि यूपीएससी आयोग की गाईड लाईन के अनुसार ही सभी कार्य होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा के दौरान मूलभूत एवं मौसम अनुकुल सुविधाएं जैसे पंखे, पीने का पानी, प्रकाश आदि की पूर्ण व्यवस्था होनी चाहिए। परीक्षार्थियों को नियमानुसार क्रमवार ही बैठायें। परीक्षा केन्द्र के अन्दर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल, स्मार्ट वॉच सहित अन्य ले जाना प्रतिबंधित है।



### समय से आधा घंटा पूर्व ही परीक्षा केन्द्र पर पहुंचें परीक्षार्थी

**करंट क्रइम।** प्रशिक्षण दे रहे अधिकारियों ने मीडिया के माध्यम से परीक्षार्थियों को सूचित किया कि परीक्षा के समय से आधा घण्टा पूर्व ही परीक्षा केन्द्र पर पहुंच जाएं, प्रथम पाली में 09:00 बजे व द्वितीय पाली में 02:00 बजे के उपरान्त परीक्षा केन्द्र में प्रवेश बंद कर दिया जायेगा, इसलिए समय से पहुंचे। एडमिट कार्ड के साथ अपनी एक फोटो आईडी (ऑरिजनल) जरूर लायें। अपने साथ कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ना लाऐं, आदेशानुसार सेंटरों पर कोई भी क्लॉक रूम की व्यवस्था नहीं है। प्रशिक्षण के दौरान एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र, एसीपी सूर्यबली मौर्य सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर स्मृति दिवस पर महापौर और पार्षद मिलकर करेंगे भव्य कार्यक्रम

## 30 मई 2025, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति में महापौर सुनीता दयाल भव्य कार्यक्रम करेंगी। इस कार्यक्रम में सर्वदलीय पार्षद भी पूर्ण रूप से शामिल रहेंगे। यह आयोजन 30 मई 2025 सुबह 10 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया जाएगा।





### बड़े पार्क या चौराहों का नामकरण होगा रानी अहिल्याबाई के नाम पर : महापौर

**करंट क्राइम।** उक्त कार्यक्रम की तैयारी जोर–शोर से चल रही है और कार्यक्रम में 5000 से अधिक लोग उपस्थित होंगे एवं कार्यक्रम का आयोजन भी भव्य होगा और देवी अहिल्याबाई के जीवन पर महिलाएं साहित्य करेंगी। साथ ही शहर में किसी बड़े पार्क या चौराहे के नाम को देवी अहिल्याबाई होल्कर चौक के नाम से भी जाना जाएगा जिसका प्रस्ताव सदन की बैठक में पास किया जाएगा।

- 5000 से अधिक लोग होंगे कार्यक्रम में उपस्थित : महापौर
- कार्यक्रम रहेगा भव्य और यादगार : महापौर

### महापौर ने सर्वदलीय पार्षदों के साथ की बैठक, बनाई कार्यक्रम की रूपरेखा

**करंट क्राइम।** महापौर ने सभी पार्षदों के साथ बैठक की है और सभी को कार्यक्रम की जिम्मेदारी भी दी गई है। सभी पार्षदों को 50-50 समाज के प्रबुद्ध लोगों को कार्यक्रम में शामिल करना है जिसमें महिलाएं और युवा भी मुख्य रूप से उपस्थित रहें ताकि देवी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन किस प्रकार सर्वसमाज के लिए समर्पित रहा और किस प्रकार उन्होंने अंग्रेजी सरकार में भी आपके धर्म के प्रति कार्य किया

### महापौर ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पाल समाज के लोगों के साथ की बैठक

**करंट क्राइम।** महापौर ने पार्षदों की बैठक के बाद पाल समाज के लोगों के साथ भी बैठक की जिसमें शहर के अलग अलग स्थानों से लोग आए एवं महापौर ने उनको बैठक के विषय मेंअवगत भी कराया जिसमें बताया कि देवी अहिल्याबाई होल्कर का 30 मई को कार्यक्रम है और यह बहुत गौरवान्वित विषय है क्योंकि रानी अहिल्याबाई आपके समाज की हैं। सभी से आग्रह है कि आपके समाज के लोग शहर से हर कोने से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का कार्य करें।

**गणमान्य लोग उपस्थित रहे :–** करंट क्राइम। इस दौरान पार्षद विरेन्द्र त्यागी,पार्षद प्रवीण चौधरी, पार्षद राज कुमार नगर,पार्षद नरेश जाटव, मनोज गोयल, राजकुमार चौधरी, पार्षद पवन गौतम,पार्षद रेखा गोस्वामी, पार्षद बीना गौतम,पार्षद देवनारायण शर्मा,पार्षद नीरज गोयल,पार्षद कन्हैया लाल, पार्षद शीतल चौधरी, पार्षद सुमनलता पाल, पार्षद धीरज अग्रवाल, पार्षद शशि खेमका,पार्षद रामनिवास बंसल,पार्षद साजिदा, पार्षद सुनैना चौहान,पार्षद मनोज त्यागी,बिजेन्द्र चौहान,पार्षद राजीव भाटी,पार्षद अमित त्यागी,पार्षद हरीश कराकोटी, पार्षद अनिल तोमर, थान सिंह,पार्षद सुभाष चौधरी, पार्षद धिरेन्द्र यादव,पार्षद प्रवीण मुलायम,पार्षद अजीत निगम, पार्षद अनुज त्यागी,पार्षद राधेश्याम त्यागी,पार्षद नितिन कुमार,पार्षद जयकिशन पाल, पार्षद उदित मोहन,पार्षद विनिल दत्त, पार्षद नीलम,पार्षद सतेन्द्र चौधरी, पार्षद राजकुमार,पार्षद संतोष राणा,पार्षद हिमांशु चौधरी, पार्षद विनय चौधरी, पार्षद प्रतिमा शर्मा,पार्षद सचिन डागर, पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल, पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद नरेश भाटी,पार्षद राजीव भाटी,पार्षद उमेश नगर,पार्षद नीतू ,पकर्षद प्रमोद राघव,पार्षद तबस्सुम जहाँ, पार्षद रंजीत कल्याणी,रामकिशन पाल, राकेश पाल, रामभूल पाल, सुरेश पाल, प्यारेमोहन पाल,कृष्णपाल, सरदारी लाल पाल, मदन पाल, महेंद्र सिंह पाल, राजेन्द्र पाल, बसंत पाल, मनोज पाल, ब्रहमपाल, सुनील पाल, जयकिशन पाल, राजेन्द्र पाल, ब्रजपाल,सुरेश पाल, सौदान पाल, राजपाल सिंह पाल, उत्तम सिंह पल,ओमवीर सिंह पाल, सुभाष पाल, चंद्रपाल, देवेंद्र पाल, सुरेश पाल, हरीश पाल आदि उपस्थित रहे।

# महानगर उद्योग व्यापार मंडल ने आवासीय एवं व्यवसायिक कर बढ़ोतरी के विरोध में किया प्रदर्शन

## ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया कि नियम विरुद्ध जाकर संपत्ति कर न बढ़ाया जाए






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद नगर निगम द्वारा आवासीय एवं व्यवसायिक कर (टैक्स) 3 से 5 गुना तक वृद्धि करते हुए बिल एवं नोटिस दिए जा रहे हैं। किसी किसी क्षेत्र में व्यवसायिक कर 10 गुना तक भी बढ़ाकर दिया गया है। यह गाजियाबाद के नागरिकों के साथ अन्याय है। इसलिए अनुरोध है कि डी. एम. सर्किल रेट के आधार पर टैक्स नहीं लगाया जाए। आम नागरिकों पर नियम विरुद्ध जाकर संपत्ति कर (टैक्स) में वृद्धि डी.एम. सर्किल रेट आधारित किराए की दरों पर नहीं होनी चाहिए। वर्तमान में लागू संपत्ति कर (टैक्स) को 3 से 5 गुना तक बढ़ाया जाना किसी भी स्थिति में न्यायसंगत नहीं है। इसलिए संपत्ति कर (टैक्स) में उचित वृद्धि के लिए धारा 174 (ख) में डीएम सर्किल के आधार को छोड़कर अन्य दो विकल्पों के आधार पर संपत्ति कर (टैक्स) में वृद्धि की जाए।

इस मौके पर ब्रिज मोहन सिंघल चेयरमैन, गोपी चन्द अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष राजदेव त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक चावला, महामंत्री राकेश स्वामी, विपिन गोयल उपाध्यक्ष, सुनील गोयल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पवन शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष संजीव मित्तल, राकेश बबेजा उपाध्यक्ष, गर्ग युवा महार्णगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सुधीर गोयल, पंकज गुप्ता युवा व०महामंत्री, वसीम अली युवा महामंत्री, अनित मदान युवा कोषाध्यक्ष आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### इसके साथ ही कुछ बिन्दुओं पर आपको अवगत कराना चाहते हैं जो इस प्रकार है

1. नगर निगम अधिनियम की धारा 174 (ख) के अनुसार प्रत्येक दो वर्ष में एक बार ही संपत्ति करों (टैक्स) में वृद्धि की जा सकती है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वर्ष 2023-2024 में सम्पत्ति करों (टैक्स) की वर्तमान दरों में 10% की वृद्धि की जा चुकी है जो वर्ष 2024-2025 अर्थात 31-03-2025 तक लागू है। गाजियाबाद नगर निगम में वर्तमान में जिन किरायों की दरों पर सम्पत्ति करों की दरें लागू है। उन्हें 3 से 5 गुना तक एक साथ बढ़ाना किसी भी तरह से उचित प्रतीत नहीं होता है। इससे गाजियाबाद की जनता में असंतोष एवं गुस्सा है और सरकार की बदनामी भी होती है।
2. गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी अपनी सम्पत्तियों जैसे रमतेराम रोड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और नेहरू नगर में बनाया गया ऑडीटोरियम को कई वर्ष बीतने के बाद भी अपनी इन संपत्तियों को डीएम सर्किल रेट आधारित किराए पर नहीं उठा पाए हैं तो आम नागरिकों पर 3 से 5 गुना तक वृद्धि करना न्याय संगत नहीं है।
3. वर्ष 2022 से गाजियाबाद नगर निगम की 1702 दुकानों का किराए का निर्णय अभी तक नहीं हो पाया है जबकि व्यापारियों की 6 सदस्य कमेटी भी नगर निगम के अधिकारियों द्वारा बनाई गई थी। मीटिंग में अधिकारियों व व्यापारियों द्वारा अपना अपना पक्ष रखा गया था। अब नगर निगम द्वारा एकतरफा कार्रवाई करते हुए कुछ क्षेत्रों में दुकानदारों को नोटिस दिए जा रहे हैं। इस समस्या का उचित समाधान निकलना चाहिए।

# भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह का गाजियाबाद आगमन पर स्वागत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह के गाजियाबाद आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। यह स्वागत कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में रेडिसन ब्लू होटल के समक्ष आयोजित किया गया।

सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक नारों और पुष्पगुच्छों के साथ अरुण सिंह का अभिनंदन किया। इस मौके पर पार्टी में जोश और उमंग का विशेष वातावरण देखने को मिला। कार्यकर्ताओं के इस आत्मीय स्वागत से अरुण सिंह विशेष रूप से अभिभूत दिखे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संदेश दिया।

# अवैध चाकू के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

## बंद पड़े मकानों और आसपास के इलाकों में चोरी को देता था अंजाम




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुरादनगर पुलिस टीम ने नियमित चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। नवाजिस पुत्र आस मोहम्मद, निवासी डबल टंकी के पास मौहल्ला नूरगंज, थाना मुरादनगर, गाजियाबाद, उम्र करीब 21 वर्ष को शोभापुर कट, असालतपुर के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया। इस बरामदगी के आधार पर, मुरादनगर थाने में उसके खिलाफ धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ के दौरान, नवाजिस ने बताया कि वह बंद पड़े मकानों और आसपास के इलाकों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। उसने यह भी बताया कि वह चोरी के दौरान आवश्यकता पड़ने पर डराने के लिए अपने पास चाकू रखता है।

नवाजिस का आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ मुरादनगर थाने में चोरी और आयुध अधिनियम के तहत दो मामले और निवाड़ी थाने में चोरी का एक मामला दर्ज है। पुलिस उसके किसी अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी जुटा रही है। यह गिरफ्तारी और बरामदगी मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा की गई।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम तो तभी मानेंगे इस बात को दोनों दोस्तों के बीच में नहीं चल रही है तकरार? हम तभी यकीन करेंगे, जब भगवा पहलवान बद्रीनाथ जी पहुंच कर देंगे अपने दीदार? हमने पहले भी कई धार्मिक स्थलों पर दोनों दोस्तों को देखा है एक साथ? मगर ऐसा पहली बार देख रहे हैं जब कमांडर पहलवान को छोड़कर धार्मिक टूर पर निकले हैं साहब? कहने वाले ने कहा पहलवान ज्यादा देर तक दूर नहीं रख पाते हैं कमांडर से अपना वजूद? भले ही बंद हो दोनों में बातचीत? तिरंगा यात्रा है उनकी मौजूदगी का सबसे बड़ा सबूत?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने कई जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों के देखें है हालात? हमने देखा है कि कोई भी प्रतिनिधि नजर नहीं आता है जल्दी से किसी दूसरे प्रतिनिधि के साथ? उसे लगता है कि अगर ऐसा किया तो हमारे वाले हो जायेंगे नाराज? मगर इस मामले में जुदा हैं गर्ग साहब के प्रतिनिधि मित्तल जी के अंदाज? वो अग्रवाल साहब से लेकर मैडम दयाल तक देते हैं दिखाई? ऐसा लगता है उनके लिए कोई दीवार गर्ग साहब ने नहीं है लगाई? सच बतायें तो इसे ही बड़े दिल का परिचय कहा जाता है भाई?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा के नेतृत्व में कार्यक्रमों का चल रहा है बहुत बढिया हाल? मगर ये नहीं पता जब वो संगठन बनायेंगे तब चलेंगे कौन सी चाल? यूं तो कई ओबीसी चेहरे घूम रहे हैं भगवा योद्धा के नाल? मगर हम अब और ज्यादा हैरान हो गये हैं? जब से स्टोरी में आये हैं राजू पांचाल? कहने वाले ने कहा मिस्टर पांचाल के पास वेस्टर्न में है लघु प्रकोष्ठ के संयोजक की जिम्मेदारी? कुछ तो सोच रखा होगा भगवा योद्धा ने उनके लिए? तभी तो दी है उनको उन्होंने एक कार्यक्रम में संयोजक की जिम्मेदारी? ऐसा लग रहा है कि कहीं पांचाल का पलड़ा पड़ ना जाये हमारे कई गुर्जर दावेदारों पर भारी?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम सच बतायें अगर कोई चेहरा हकीकत में राजनीति से ज्यादा संबंधों को मानता है? वो चेहरा नजर आता है आजकल पप्पू पहलवान के नजदीक? ये चेहरा बन गया है आजकल संबंध निभाने वाला प्रतीक? हम देख रहे हैं पहलवान के साथ इस वक्त नजर आना जैसे अंगारों के साथ है खेलने वाली बात? मिस्टर माथुर किसी भी पद की चिंता किये बगैर नजर आते हैं हर पल उनके साथ? कहने वाले ने कहा राजनीति की इस दौड़ में जो दो गुर्जर चेहरे अक्सर नजर आया करते थे पहलवान के नजदीक? समय बदला तब सबसे पहले छोड़ कर गये वो कमांडर और कमांडर के दोस्त का साथ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैंने भगवा संगठन की स्टोरी में नजर लगाई हुई है बारीक? मैं देख रहा हूं जैसे पहले नजर आ रहे थे? वैसे अब दो त्यागी चेहरे नजर नहीं आ रहे हैं भगवा योद्धा के नजदीक? कुल में दीप जलाने वाले और चोटी से नियंत्रण करने वाले त्यागी चेहरे को शायद हो गया है इस बात का ज्ञान? इसलिए दोनों ने बना लिया है दूरियों वाला प्लान? मित्तल जी की तर्ज पर अब ये भी कर रहे हैं काम? आपने देखा होगा मिस्टर मित्तल आज तक नहीं हुए हैं भगवा कार्यालय पर विराजमान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी सोच से परे है भगवा गोपाल भैया की दौड़? सक्रियता दिखाने के मामले में वो कई चेहरो को रहे हैं पीछे छोड़? कहने वाले ने कहा हमें लगता है उनकी ये तमाम दौड़ नहीं जाने देगी उनको संगठन के करीब? अगर अध्यक्ष वैश्य बिरादरी से आते हैं तो कैसे वो वैश्य महामंत्री को रखेंगे अपने नजदीक? शायद इन बातों का मिस्टर कूल को भी है एहसास? इसलिए आप देख रहे होगे वो योद्धा की टीम में आने का ज्यादा नहीं कर रहे हैं प्रयास?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के पूर्व सौंफ वाले भगवा कमिश्नर शायद समझ गये हैं अब राजनीति की अदा? हम देख रहे हैं उन्होंने अपना अंदाज कर लिया है आजकल बिल्कुल जुदा? वो सोशल मीडिया पर एक्टिव रहकर क्षेत्र के लोगों को दे रहे हैं बर्थडे और ऐनीवर्सरी की बधाई? काफी प्रवचन उनकी फेसबुक वाली वाल पर दे रहे हैं दिखाई? उन्होंने चुन लिया है राजनीति का नया अंदाज? इस अंदाज का असर चुनावों में जरूर देगा दिखाई?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मंडल वाली लिस्ट जा चुकी है प्रदेश वालों के पास? सुना है लिस्ट ऊपर पहुंचने से पहले हुई थी भगवा योद्धा, मिस्टर गौतम और पड़ोस वाले मिस्टर मावी की लिस्ट पर गहन बात? इन तीनों के बीच में जो बात हुई वो बात दीवार चीर कर आई है बाहर? पता चला है हर एक पद के लिए ऊपर भेजे गये हैं तीन–तीन दावेदार? नीचे भले ही कितना ही मंथन हुआ हो ऊपर पार्टी अपने हिसाब से करेगी इन नामों पर विचार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जबसे भगवा मंडल अध्यक्षों को लगी है इस बारे में जानकारी? एक पद के लिए पार्टी ने तीन–तीन नामों की डिमांड की है जारी? सुना है अंदरखाने कई मंडल अध्यक्ष हो गये हैं नाराज? वो दे रहे हैं एक–दूसरे को संदेश? कह रहे हैं जब कोई पदाधिकारी हमारी मर्जी से बन कर ही नहीं आयेगा? तो कैसे करायेंगे उससे संगठन के काज? देखना अब ये है पार्टी आला कमान तक कौन पहुंचाता है उनके मन की आवाज?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारा दिल चाहता है हर किसी के दिल के आलोक में बसे पूरे हो अरमान? हम चाहते हैं हर कार्यकर्ता के यहां पर पार्टी के बड़े नेता दर्शन दे श्रीमान? हमने देखा जब राष्ट्र वाले सिंह साहब हो लेकर भगवा योद्धा गये युवा चौधरी के आवास? तब पूरे आलोक से किसी के दिल से निकली अरदास? कहा हमारा घर भी तो इसी राह में था? काश हमारे यहां पर भी आ जाते सिंह साहब?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक नई शुरूआत और शुरूआत प्रभु के शुभ शुभ स्मरण के साथ। पुष्पा पांडे ने गौर सिटी मॉल में अपना नया प्रतिष्ठान खोला है ' उन्होंने नए प्रतिष्ठान का शुभारंभ पूजा पाठ के साथकिया। पुष्पा पांडे ने अपने नए ऑफिस की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। सभी मित्रों शुभचिंतकों समर्थकों ने नई शुरूआत पर बधाई और शुभकामनाएं दी। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# इंग्लैंड दौरे के लिए शमी के नाम पर विचार नहीं?

## अर्शदीप और इस हरियाणवी गेंदबाज को मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम और नए टेस्ट कप्तान के नाम का एलान शनिवार को हो सकता है। इसी दिन चयनकर्ता टीम की भी घोषणा कर सकते हैं। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, दिग्गज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस दौरे से दूर रखा जा सकता है। उनकी जगह अर्शदीप सिंह और हरियाणा के अंशुल कंबोज को मौका मिल सकता है। कंबोज पहले से ही इंग्लैंड दौरे पर जा रही भारत-ए टी में शामिल हैं।



दरअसल, इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि सनराइजर्स हैदराबाद से खेल रहे शमी ने चोट से वापसी के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छोटे-छोटे स्पेल डाले हैं या अधिकतम 10 ओवर गेंदबाजी की है। ऐसे में बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को बताया है कि शमी टेस्ट मैच में पूरी जान के साथ बहुत सारे ओवर करने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में उनके चुने जाने पर संशय है। शमी इस सीजन सनराइजर्स के लिए भी कुछ खास नहीं कर पाए हैं। उन्होंने इस सत्र में नौ मैच खेले और सिर्फ छह विकेट लिए। शमी ने 11.23 की इकोनॉमी रेट से रन दिए। अखबार ने एक सूत्र के हवाले से कहा, 'शमी आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए चार ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं, लेकिन बोर्ड और चयनकर्ता यह नहीं जानते कि वह एक दिन में 10 ओवर से अधिक गेंदबाजी कर सकते हैं या नहीं। इंग्लैंड में टेस्ट मैचों में तेज गेंदबाजों से लंबे स्पैल की मांग हो सकती है और हम कोई जोखिम नहीं उठा सकते।' रिपोर्ट का दावा है कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को इस सीरीज के दौरान अपना पहला टेस्ट मैच खेलने का मौका मिल सकता है। हरियाणा के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज, जिन्होंने 22 प्रथम श्रेणी मैचों में 74 विकेट लिए हैं, भी टीम में शमी की जगह लेने के लिए उम्मीदवारों में से एक हैं। दरअसल, कंबोज को पहले ही इंडिया ए के इंग्लैंड दौरे के लिए चुना जा चुका है। कंबोज लोअर ऑर्डर में बल्लेबाजी भी कर सकते हैं।

राष्ट्रीय चयन समिति 24 मई को मुंबई में मुलाकात करेगी और तभी नए कप्तान के नाम का और टीम का एलान हो सकता है। शुभमन गिल कप्तान बनने की रेस में सबसे आगे हैं, जबकि जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत भी इस रेस में हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए चुने जाने वाले ज्यादातर खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए खिलाड़ी ही हो सकते हैं। हालांकि, इसमें एक दो ट्विस्ट या यूं कहें नए नाम देखने को मिल सकते हैं। अर्शदीप और कंबोज के अलावा साई सुदर्शन और करुण नायर को भी मौका मिल सकता है। नायर ने रणजी ट्रॉफी में नौ मैचों में 863 रन बनाए थे। इसमें चार शतक शामिल हैं। वहीं, विजय हजारे ट्रॉफी में आठ मैचों में 779 रन बनाए थे। इसमें पांच शतक शामिल हैं।

### इंग्लैंड दौरे के लिए यह हो सकती है संभावित टीम

शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, साई सुदर्शन, सरफराज खान, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश रेड्डी, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, हर्षित राणा, शार्दुल ठाकुर/अंशुल कंबोज, कुलदीप यादव।

# सौ मीटर की बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी पुरानी तकनीक पर लौटी, एशियाई स्वर्ण पर नजरें




**नई दिल्ली।** भारत की एशियाई खेल रजत पदक विजेता सौ मीटर की बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी ने चोट लगने के बाद अपनी रनिंग तकनीक में बदलाव का इरादा छोड़ दिया है और अब उनकी नजरें पुरानी तकनीक के साथ एशियाई चैम्पियनशिप खिताब बरकरार रखने पर लगी हैं। याराजी दक्षिण कोरिया के गुमी में 27 से 31 मई तक होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप में भाग ले रही भारत की 59 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने 2023 में बैंकॉक में 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण जीता था। उन्होंने टीम की रवानगी से पहले कहा, 'मैंने 2024 ओलंपिक से पहले तकनीक में बदलाव किया था, लेकिन दो बार चोट लग गई। मैंने और मेरे कोच जेम्स हिलियेर ने अब तय किया है कि पुरानी तकनीक ही जारी रखेंगे जिसमें बाधाओं के बीच आठ कदम उठाती हूं।' याराजी ने कहा, 'अगर मैं स्वस्थ और चोटमुक्त रही तो लगातार बेहतर प्रदर्शन कर सकूंगी और यही मेरा लक्ष्य है। मैं छोटी छोटी गलतियों से सबक लेकर उनमें सुधार करना चाहती हूं।' वहीं 5000 और 10000 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना चुके गुलवीर सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप के लिये क्वालिफाई करना है। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि कोरिया में विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई कर सकूंगा। मैंने 5000 मीटर में क्वालिफिकेशन मार्क हासिल कर लिया है।'

# अंतरराष्ट्रीय आयोजन के लिए आर्थिक मदद एक से दो करोड़, खेल संघों को मिलेंगे 51 की जगह 90 लाख रुपये

**- खेल संघों को अब अपने वार्षिक बजट का 20% हिस्सा जमीनी स्तर पर खेल के विकास के लिए तय करना होगा।**



**नई दिल्ली।** वर्ष 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल संघों को दी जाने वाली आर्थिक मदद को बढ़ा दिया है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने देश में किसी भी अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय चैंपियनशिप को आयोजित करने के लिए मंत्रालय की ओर से की जाने वाली आर्थिक मदद दोगुनी कर दी है।

मांडविया ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए अब एक की बजाय दो करोड़ और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए 51 की बजाय 90 लाख रुपये की राशि दी जाएगी। यही नहीं मंत्रालय ने खिलाड़ियों के खाने की राशि बढ़ाकर एक हजार रुपये प्रति दिन कर दी है। पहले यह 690 रुपये थी। जूनियर खिलाड़ियों को 480 की बजाय 850 रुपये प्रति दिन के हिसाब से खाना दिया जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने वाले प्रशिक्षकों के वेतन में भी बढ़ोतरी कर दी गई है। अब भारतीय टीम के मुख्य प्रशिक्षक को पांच की बजाय साढ़े सात लाख रुपये प्रति माह का वेतन मिलेगा, जबकि अन्य प्रशिक्षकों को दो की बजाय तीन लाख रुपये प्रति माह का वेतन दिया जाएगा।

### 20 प्रतिशत राशि युवाओं पर खर्च करनी होगी

मांडविया के अनुसार उच्च प्राथमिकता वाले खेलों की राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए 90 लाख और प्राथमिकता वाले खेलों के लिए 75 लाख रुपये दिए जाएंगे। खेल संघों को अब अपने वार्षिक बजट का 20% हिस्सा जमीनी स्तर पर खेल के विकास के लिए तय करना होगा। खेल संघ को यह राशि जूनियर और यूथ खिलाड़ियों के विकास पर खर्च करनी होगी। इन खिलाड़ियों को मान्यता प्राप्त अकादमियों में ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसकी निगरानी हाई परफॉरमेंस निदेशक (एचपीडी) की ओर से की जाएगी। 10 करोड़ के वार्षिक बजट वाले खेल संघ को एचपीडी रखना अनिवार्य होगा।

### 13 खेलों में शुरू कराई जाएगी लीग

खेल मंत्री ने बताया कि सरकार देश में लीग संस्कृति को विकसित करने जा रही है। इसके तहत 13 खेलों में लीग शुरू करने की योजना है। ये लीग फ्रेंचाइजी आधारित होंगी और इनसे कारपोरेट घरानों को जोड़ा जाएगा। शूटिंग, योगासन, कबड्डी और हॉकी में लीग शुरू कराई जा रही है। इसके बाद साइक्लिंग और रग्बी में लीग होगी। खेल मंत्री मांडविया के अनुसार बास्केटबाल, बैडमिंटन, तीरंदाजी, मुक्केबाजी कुश्ती, वाटर स्पोर्ट्स और पोलो में भी जल्द लीग शुरू कराई जाएगी।

# लखनऊ के खिलाफ हार से गुजरात को नुकसान

## अब आरसीबी शीर्ष-दो की प्रबल दावेदार, मुंबई-पंजाब मैच भी होगा अहम

**मुंबई।** आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की चार टीमें तय हो चुकी हैं। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है और अब जंग शीर्ष दो में जगह बनाने को लेकर है। शीर्ष दो में रहने वाली टीमों को फायदा मिलता है। ऐसे में चारों टीमें शीर्ष पर लीग राउंड को खत्म करने की कोशिश करेंगी।

हालांकि, गुरुवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस की हार ने बेंगलुरु और पंजाब की उम्मीदें जगा दी हैं। अब गुजरात की टीम अधिकतम 20 अंक तक पहुंच सकती है, जबकि आरसीबी और पंजाब अधिकतम 21-21 अंक तक पहुंच सकती है। मुंबई की टीम चाहेगी कि बेंगलुरु और पंजाब अपने-अपने दोनों मैच हार जाएं ताकि उनके लिए शीर्ष दो का रास्ता खुल जाए।




### 29 मई से प्लेऑफ की शुरूआत, तीन जून को मिलेगा चैंपियन

प्लेऑफ लेग की शुरूआत 29 मई से होने जा रही है। इस साल क्वालिफायर-एक 29 मई को मोहाली में खेला जाएगा। वहीं, एलिमिनेटर 30 मई को मोहाली में ही खेला जाएगा। एक जून को अहमदाबाद में क्वालिफायर-दो खेला जाना है, जबकि तीन जून को अहमदाबाद में ही फाइनल खेला जाएगा। क्वालिफायर-एक में अंक तालिका में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीमें भिड़ती हैं। इस मैच को जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचती है, जबकि हारने वाली टीम को एक और मौका मिलता है।

क्वालिफायर-एक के बाद एलिमिनेटर खेला जाता है। यह अंक तालिका में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच खेला जाता है। यह एक नॉकआउट मैच होता है। हारने वाली टीम आईपीएल से बाहर हो जाती है, जबकि जीतने वाली टीम को क्वालिफायर-एक में हारने वाली टीम के साथ क्वालिफायर-दो में भिड़ना होता है। इस मैच को जीतने वाली टीम क्वालिफायर-एक को जीतने वाली टीम से फाइनल में भिड़ती है, जबकि हारने वाली टीम आईपीएल से बाहर हो जाती है। तीन जून को इस साल का विजेता मिल जाएगा।

# आरसीबी के लिए आई राहत की खबर, प्लेऑफ मैच में उपलब्ध रह सकते हैं जोश हेजलवुड

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए राहत की खबर सामने आई है। टीम के अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड कंधे की चोट से उबरने के बाद प्लेऑफ के लिए उपलब्ध रह सकते हैं। आईपीएल जब एक सप्ताह के लिए स्थगित हुआ था, तभी से हेजलवुड ब्रिसबेन में रिहैब से गुजर रहे हैं, लेकिन बताया जा रहा है कि हेजलवुड अब फिट हो गए हैं और आरसीबी के प्लेऑफ मुकाबले के लिए उपलब्ध रह सकते हैं।



आरसीबी की टीम का ग्रुप चरण के शेष दो मुकाबलों में सामना 23 मई को सनराइजर्स हैदराबाद और 26 मई को लखनऊ सुपर जाएंट्स से होना है। इन दो मैचों में भी आरसीबी को हेजलवुड की सेवाएं नहीं मिल सकेंगी। हेजलवुड कंधे में तकलीफ के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और आरसीबी के मेडिकल स्टाफ के साथ मिलकर संयुक्त रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।

### हेजलवुड ने 27 अप्रैल को खेला था आखिरी मैच

हेजलवुड ने मौजूदा आईपीएल सत्र में 27 अप्रैल को मैच खेला था और तब से उन्होंने टीम के दो मैच नहीं खेले। वह भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग में हुए एक हफ्ते के ब्रेक के दौरान स्वदेश लौट गए थे। तब से यह 34 वर्षीय खिलाड़ी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया की तैयारियों के लिए ब्रिसबेन में ट्रेनिंग में जुटा था। पता चला है कि हेजलवुड अच्छी प्रगति कर रहे हैं और 29 मई से शुरू होने वाले नॉकआउट चरण से पहले टीम के साथ जुड़ने के लिए बेहतरीन स्थिति में हैं। आरसीबी के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने पिछले हफ्ते कहा था, हमारी चिकित्सा टीम और उनकी चिकित्सा टीम उनकी उबरने की प्रक्रिया पर लगातार संपर्क में है।

### शानदार फॉर्म में चल रहे हैं हेजलवुड

हेजलवुड इस सीजन अच्छी फॉर्म में चल रहे थे और उन्होंने 10 मैचों में 17.27 के औसत से 18 विकेट लिए हैं। वह टीम के लिए इस सीजन सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। आरसीबी की टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है और उसकी नजरें अपने पहले खिताब पर टिकी हुई हैं।

# किदांबी श्रीकांत मलयेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे, कपिला-क्रास्टो की जोड़ी हारी

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत का शानदार प्रदर्शन जारी है और उन्होंने मलयेशिया मास्टर्स में पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। श्रीकांत ने अपने से ऊंची रैंकिंग के फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव पर तीन गेम में जीत दर्ज कर अंतिम चार का टिकट कटाया। 65वीं रैंकिंग पर काबिज श्रीकांत ने क्वार्टर फाइनल में दुनिया के 18वें नंबर के पोपोव को कड़ी टक्कर देते हुए एक घंटे 14 मिनट में 24-22, 17-21, 22-20 से शिकस्त दी।




श्रीकांत का सामना अब सेमीफाइनल में जापान के युशी टनाका से होगा। पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत एक साल में पहली बार किसी टूनार्मेंट के सेमीफाइनल पहुंचे हैं। श्रीकांत विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता हैं और अब उनके सामने टनाका की कड़ी चुनौती होगी। टनाका ने पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में टोमा जूनियर के भाई क्रिस्टो पोपोव को 21-18, 16-21, 21-6 से पराजित किया था।

पुरुष एकल का दूसरा सेमीफाइनल जापान के चौथे वरीय कोडाई नारोका और चीन के दूसरे वरीय लि शि फेंग के बीच खेला जाएगा। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई जिससे श्रीकांत बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूनार्मेंट में एकमात्र भारतीय बचे हैं। कपिला और क्रास्टो ने चीन के शीर्ष वरीय जियांग झेन बांग और वेई या जिन की जोड़ी को पहले गेम में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन लय गंवा बैठे और 35 मिनट तक चले मुकाबले में 22-24, 13-21 से हारकर बाहर हो गए।

# काशी का पहला डाइविंग स्वीमिंग पूल शुरू, 300 तैराकों को मिलेगी ट्रेनिंग

**काशी।** बनारस रेल कारखाना (बरेका) में काशी के पहले डाइविंग स्वीमिंग पूल का संचालन शुरू हो गया है। आठ लेन के पूल में अब तैराकी प्रशिक्षण के साथ प्रतियोगिता भी हो सकेगी। बनारस में तीन स्वीमिंग पूल हैं, लेकिन डाइविंग की सुविधा सिर्फ बरेका में ही है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के छोटे-बड़े दोनों पूल और सिगरा स्टेडियम में डाइविंग की सुविधा नहीं है।



बरेका स्वीमिंग पूल का इंतजार खिलाड़ियों व तैराकी के शौकीनों को लंबे समय से था। दो महीने की देरी के बाद पूल का संचालन शुरू कर दिया गया है। बरेका कर्मियों, केंद्रीय और राज्य कर्मियों के अलावा बाहरी लोगों को तैराकी के लिए अलग-अलग शुल्क देना होगा। बरेका स्वीमिंग पूल का एक सत्र 45 मिनट का होगा। सुबह-शाम दो पालियों के पांच सत्रों में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बिगनर्स और खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए लाइफ गाड्र्स की तैनाती की गई है। महिलाओं और रेलकर्मियों के परिजनों के लिए विशेष सत्र निर्धारित किए गए हैं। ताकि वह स्वच्छता, निजता के साथ पूल का उपयोग कर सकें। जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि स्वीमिंग पूल में तैराकी का प्रशिक्षण लेने वालों के लिए फॉर्म का वितरण शुरू हो गया है। इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में सुबह दस से शाम पांच बजे के बीच क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय से फॉर्म खरीद सकते हैं।

### छह राष्ट्रीय तैराकों की अगुवाई में पदक के लिए हुनर दिखाएंगे 17 तैराक

प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता 23 से 25 मई तक बरेली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए जिले के छह राष्ट्रीय खिलाड़ियों समेत 17 तैराक बरेली के लिए रवाना हुए। खिलाड़ियों ने गुरुवार को सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में अभ्यास किया। इसमें बालक वर्ग में चार और बालिका वर्ग में दो राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने बताया कि एक खिलाड़ी पांच इवेंट में खेल सकते है। मंडल की टीम में खिलाड़ी फ्री स्टाइल 50, 100, 200, 400, 800 और 1500 मीटर, बैक स्ट्रोक, बटरफ्लाई और ब्रेस्ट स्ट्रोक 50, 100 और 200 मीटर, व्यक्तिगत मेडले 200 और 400, फ्री स्टाइल 4 गुणा 400 और 4 गुणा 200, मेडले रिले 4 गुणा 100 की स्पर्धा में खेलेंगे।

जिला तैराकी संघ के सचिव शंभु प्रसाद ने बताया कि बालक वर्ग में अजय साहनी, सुमित साहनी, रोहित बिंदु, रामाशीष यादव, अंगद विश्वकर्मा, सत्यम साहनी, पुष्पेंद्र सिंह, कार्तिक साहनी, कृष्ण कुमार साहनी, आकाश जबकि बालिका वर्ग में रिया पटेल, प्रिया, अनन्या, प्रियांसी, पलक, किरण साहनी शामिल हैं।



### शिविर में खिलाड़ियों ने सीखे ताइक्वांडो के पैतरे

केराकतपुर के वाराणसी पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में गुरुवार को खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो का प्रशिक्षण लिया। खिलाड़ियों को अलग-अलग पैतरों की जानकारी दी गई। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एके त्रिवेदी ने बताया कि शिविर में कोच अंशिका सेठ और राज नंदनी ने 150 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया। निदेशक अमित पांडेय ने बताया खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारी जा रही है।

### जिम्नास्टिक्स का प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी

प्रादेशिक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हिस्सा बनने के लिए जिले के जिम्नास्टिक्स खिलाड़ी तैयारी में जुट गए हैं। ग्रीष्मकालीन शिविर में खिलाड़ियों को दो सत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोच अतुल शाही ने बताया कि जिमनास्टिक्स में शरीर के सभी अंगों की एक्सरसाइज होती है।

चपलता, संतुलन और समन्वय को विकसित करने का लक्ष्य रखा जाता है। जिम्नास्टिक्स में खिलाड़ी को शरीर को नियंत्रित कर विभिन्न प्रकार के बोर्ड पर करतब दिखाना होता है। इस समय बच्चों को संतुलन बनाना सिखाया जा रहा है। सुबह-शाम 100 से अधिक बालक-बालिकाएं प्रशिक्षण ले रहे हैं।

बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के बास्केटबॉल ग्राउंड पर 25 मई से ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ होगा। बास्केटबॉल एकेडमी के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि ग्रीष्मकालीन शिविर 25 मई से 25 जून तक लगेगा। उद्घाटन बरेका संस्थान के सचिव आलोक कुमार सिंह करेंगे। शुभारंभ ग्राउंड पर 25 मई को होगा।

हैंडबॉल संघ के अवैतनिक सचिव डॉ. शम्स तबरेज शंपू को यूपी हैंडबॉल संघ का रेफरी बोर्ड का संयोजक मनोनीत किया गया है। उन्हें यह जिम्मेदारी यूपी हैंडबॉल संघ के सचिव महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पांडेय ने दी है। डॉ. शम्स तबरेज शंपू पिछले 30 साल से हैंडबॉल को अपनी सेवा दे रहे हैं।

वे कई अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभा चुके हैं। उनके मनोनयन पर यूपी हैंडबॉल संघ के कार्यकारी सचिव अमित पांडेय, संघ के उपाध्यक्ष डॉ. एके सिंह, विभव सिंह, प्रखर शुक्ला, उपमा पांडेय, संतोष कुमार पांडेय ने खुशी व्यक्त की है।

उत्तर दिल्ली के लव कुश स्टेडियम में हिमालय क्षेत्र की टीमों के बीच टी-20 लीग मैच खेला गया। सारनाथ तिब्बती संस्थान की 16 सदस्यीय टीम ने हिस्सा लिया। तीन लीग मैचों में एक जीत दो हार के बाद संस्थान बाहर हो गई। टीम संयोजक डॉ. तेंजींग शेंपेन ने बताया कि मजनू का टीला क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में तिब्बत और पहाड़ी क्षेत्र की टीमों ने हिस्सा लिया। संस्थान की टीम पूल ए में थी। प्रतियोगिता 18 से 24 मई तक खेली जाएगी। आयोजन के लिए

### नेपाल रवाना हुए जिले के कराटे खिलाड़ी

जिले के आठ खिलाड़ी काठमांडो में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे में खेलेंगे। 24 और 25 मई को धनबहादुर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में विकास सोनकर को कोच नियुक्त किया गया है। कराटे एसोसिएशन के शरद वर्मा, सीएल यादव, मोनिका गौतम, विशेष पांडेय, शुभम गुप्ता ने खिलाड़ियों को शुभकामना दी है।

### गंगा की रेती पर रग्बी 15 को आएंगी टीमें

गंगा की रेती पर रग्बी फुटबॉल की प्रतियोगिता जून में खेली जाएगी। इसमें बालिका वर्ग की चार टीमें खेलेंगी। जिला रग्बी फुटबॉल संघ वाराणसी के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने बताया कि 25 मई रग्बी इंडिया के एक और यूपी रग्बी संघ के दो सदस्य काशी आएंगे। वे अस्सी से दशाश्वमेध घाट के बीच रग्बी लीग के लिए प्रस्तावित चार स्थानों में से चयन करेंगे। अस्सी, दशाश्वमेध, केदारघाट और शिवाला घाट का प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं, वाराणसी में रग्बी के खिलाड़ी दिन रात तैयारी कर रहे हैं। रोज खिलाड़ी तीन से चार घंटे प्रशिक्षण ले रहे हैं। तीन सदस्यीय दल खेल के स्थान पर मुहर लगाएंगे।